गुरुवार, 26 फरवरी 2026

मौसम

तापमान 19 – 30
आर्द्रता 55%
सूर्योदय: 06:02 सूर्यास्त: 17:38

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : अच्छी किताब कितनी भी पुरानी हो उसके शब्द नहीं बदलते।



जिम्बाब्वे के खिलाफ 'करो या मरो' के मुकाबले में भारत के शीर्षक्रम को करना होगा बेहतर प्रदर्शन पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की एक अडिग नीति अपनाता है: मोदी

## इजराइली संसद में पीएम ने नाम लिए बिना पाकिस्तान पर साधा निशाना



मोदी के इजराइल पहुंचने पर प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा: 'स्वागत है, मेरे मित्र'

**यरुशलम :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इजराइल की तरह, भारत भी आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की एक सुसंगत और अडिग नीति अपनाता है। मोदी ने इजराइल की संसद 'नेसेट' को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों की हत्या और आतंकवाद को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए निरंतर और समन्वित वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता है, क्योंकि दुनियाभर में कहीं भी आतंकवाद शांति के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि इस समय भारत पूरी दृढ़ता के साथ इजराइल के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सात अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा किए गए ''बर्बर आतंकवादी हमले'' की निंदा की और कहा, ''हम आपके दर्द को महसूस करते हैं, हम आपके शोक में आपके साथ हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत गाजा में शांति की पहल का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, ''शांति का मार्ग हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन भारत इस क्षेत्र में संवाद, शांति और स्थिरता के लिए आपके और विश्व के साथ खड़ा है।'' मोदी ने कहा, ''मैं 1.4 अरब भारतीयों की ओर से शुभकामनाएं और मित्रता, सम्मान और साझेदारी का संदेश लेकर आया हूं।'' उन्होंने कहा, ''हमारी सहभागिता का दायरा और विस्तार बढ़ा है और हम कई क्षेत्रों में इस संबंध को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' मोदी के संसद में पहुंचने पर सांसदों ने अपने स्थानों पर खड़े होकर 'मोदी-मोदी' के नारे लगाये और उनके भाषण के दौरान कई बार उन्होंने मेजें थपथपाकर प्रधानमंत्री की कई बातों का समर्थन किया।

### मोदी को इजराइली संसद का सर्वोच्च सम्मान



**यरुशलम :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बुधवार को भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक संबंधों को सुदृढ़ करने में उनके असाधारण योगदान के लिए 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' से सम्मानित किया गया। भारतीय प्रधानमंत्री यह पदक पाने वाले पहले नेता हैं, जो इजराइली संसद 'नेसेट' का सर्वोच्च सम्मान है। नेसेट स्पीकर अमीर ओहाना ने इजराइली संसद में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के बाद उन्हें यह पदक प्रदान किया। यह पदक भारत और इजराइल के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री के असाधारण योगदान के वास्ते प्रदान किया गया है। मोदी ऐसे वैश्विक नेता हैं, जिन्हें इज़राइल और फलस्तीन दोनों से शीर्ष पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी को 2018 में ''ग्रैंड कॉलर आफ द स्टेट ऑफ फलस्तीन' से सम्मानित किया गया, जो विदेशी नेताओं के लिए सर्वोच्च फलस्तीनी सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी की पिछले नौ साल में यह दूसरी इजराइल यात्रा है।

### भारत गाजा शांति योजना का समर्थन करता है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजराइल की संसद 'नेसेट' में अपने ऐतिहासिक संबोधन में गाजा शांति पहल को पूरे क्षेत्र के लिए न्यायपूर्ण और स्थायी शांति का मार्ग बताया, साथ ही उन्होंने इजराइल के प्रति एकजुटता का सशक्त संदेश देते हुए कहा कि ''आतंकवाद चाहे कहीं हो, यह हर जगह की शांति के लिए खतरा है''। मोदी ने कहा कि इजराइल की तरह भारत भी आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की एक ''सुसंगत और अडिग नीति अपनाता है और इसमें कोई दोहरा मापदंड नहीं है''। उन्होंने इस खतरे का मुकाबला करने के लिए निरंतर और समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान भी किया।

### ईडी ने अनिल अंबानी के मुंबई के घर 'एबोड' को कुर्क किया, कीमत 3,716 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित घर 'एबोड' को कुर्क कर लिया है, जिसकी कीमत 3,716 करोड़ रुपये है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुंबई के पाली हिल इलाके में स्थित यह आलीशान घर 66 मीटर ऊंचा है और इसमें 17 मंजिलें हैं। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अंबानी की समूह कंपनी आरकॉम द्वारा कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस बहुमंजिला घर को कुर्क करने के लिए पीएमएलए के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है। एजेंसी ने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति का मूल्य 3,716.83 करोड़ रुपये है। अंबानी पूछताछ के दूसरे दौर के लिए यहां ईडी के सामने पेश हो सकते हैं। उन्होंने पहली बार अगस्त, 2025 में ईडी के सामने पेश होकर पीएमएलए के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। ईडी ने नवंबर, 2025 में इसी संपत्ति का एक हिस्सा कुर्क किया था, जिसकी कीमत 473.17 करोड़ रुपये थी। ताजा आदेश के साथ इस मामले में कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य अब लगभग 15,700 करोड़ रुपये हो गया है।

# मतदाता सूची से नागरिकों के नाम हटाये जाने के खिलाफ जारी रखूंगी लड़ाई : ममता

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का किया उद्घाटन

- मुख्यमंत्री ने गुप्त रूप से 1.20 करोड़ वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जाने का लगाया आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में नागरिकों के नाम हटाये जाने के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखने का बुधवार को संकल्प लिया और कहा कि उन्हें आशंका है कि तार्किक विसंगतियों का हवाला देते हुए 80 लाख से अधिक नाम हटाने की साजिश रची जा रही है। एसआईआर के पहले चरण के बाद 58 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने का दावा करते हुए, ममता ने कहा कि तार्किक विसंगतियों के बहाने, 14 फरवरी तक कम से कम 20 लाख और वास्तविक मतदाताओं को गुप-चुप तरीके से मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया। इस दिन, अपने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि दो लाख अतिरिक्त मतदाताओं के नाम हटाकर अंतिम मतदाता सूची से 80 लाख नाम हटाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने लाखों मतदाताओं के नाम हटाने के निर्वाचन आयोग के कदम के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था और शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद, आयोग ने व्हाट्सऐप पर नियमित रूप से निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि मुझे न्याय चाहिए। मैं किसी का भी नाम हटाए जाने के खिलाफ हूं, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पीड़ित हिंदू हैं या मुसलमान, या किसी अन्य समुदाय से हैं। मैं उनके लिए प्रार्थना करूंगी, उनके साथ खड़ी रहूंगी और उनके लिए लड़ूंगी। मैं कहना चाहती हूं, जियो और जीने दो।

**भवानीपुर को बताया 'मिनी भारत'**

अपने विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर को 'मिनी भारत' बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग पीढ़ियों से सौहार्दपूर्वक रहते आए हैं। दुर्गा पूजा, क्रिसमस और ईद जैसे सभी पर्वों में हर समुदाय की भागीदारी इस क्षेत्र की परंपरा और संस्कृति को दर्शाती है।

# विधानसभा चुनाव: अंतिम मतदाता सूची से पहले हो सकती है तारीखों की घोषणा

- मतदाता सूची में 58 लाख से अधिक नाम कटे
- चुनाव में देरी टालने को बूथ पुनर्गठन स्थगित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में पूर्ण मतदाता सूची जारी होने से पहले ही विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, विधानसभा चुनाव की घोषणा करने में कोई समस्या नहीं है। प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जमा करने के अंतिम दिन तक उनके चुनाव क्षेत्रों में जितनी मतदाता सूचियां जारी हो चुकी होंगी, उन्हीं के आधार पर मतदान हो सकते हैं। मालूम हो कि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को जारी होनी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, चुनाव आयोग उसके बाद भी चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूचियां जारी कर सकता है। चूंकि, इसमें समय लग सकता है, जिससे राज्य में विधानसभा चुनाव कराने में विलंब हो सकता है इसलिए आयोग पूर्ण सूची तैयार होने से पहले ही चुनाव की घोषणा कर सकता है। उल्लेखनीय है कि मसौदा मतदाता सूची में 58 लाख से अधिक लोगों के नाम कटे थे। अंतिम मतदाता सूची में यह आंकड़ा कहीं अधिक बढ़ सकता है। चुनाव में देर न हो, इसलिए आयोग राज्य में नए सिरे से बूथों के विन्यास की योजना भी स्थगित कर चुका है यानी 80,681 बूथ ही रहेंगे। इसमें फिलहाल बढ़ोतरी नहीं की जाएगी।

# पॉइंट ब्लैंक रेंज से ताबड़तोड़ फायरिंग, हावड़ा के युवा प्रमोटर की मौत

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



- मौके पर पहुंचे विधायक का स्थानीय लोगों ने किया विरोध



आरोपित– हारुन खान और रोहित

**हावड़ा, समाज्ञा :** गोलाबाड़ी थानांतर्गत पिलखाना इलाके में बुधवार के तड़के उस समय सनसनी फैल गई जब अज्ञात हमलावरों ने एक 27 वर्षीय प्रॉपर्टी प्रमोटर की पॉइंट ब्लैंक रेंज से गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान शफीक (सौफिक) खान के रूप में हुई है। वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही, मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रमजान माह के कारण शफीक सुबह घर से निकला था। इसी दौरान पिलखाना स्थित एक चाय की दुकान के पास दो युवक उससे बातचीत कर रहे थे। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में देखा गया है कि बातचीत के दौरान अचानक दोनों युवकों ने आग्नेयास्त्र निकालकर शफीक के सिर और सीने पर करीब से चार राउंड फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रमोटरी के पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। परिवार का दावा है कि आरोपितों ने पैसे की मांग की थी और रकम नहीं देने पर इस वारदात को अंजाम दिया। शफीक के भाई जाहिद खान ने आरोप लगाया कि हारुन खान और रोहित नामक दो स्थानीय युवक, जो पूर्व में आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं, इस हत्या में शामिल हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।घटना की सूचना मिलते ही सुबह करीब 5 बजे पुलिस आयुक्त आकाश मघारिया मौके पर पहुंचे। उनके बाद, डीसी नॉर्थ अमलानकुसुम घोष, तौफिक सहित गोलाबाड़ी थाने की पुलिस टीम भी पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आयुक्त आकाश मघारिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पैसों के विवाद का मामला सामने आया है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है और सभी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।इधर, घटना के बाद क्षेत्र के विधायक गौतम चौधरी, हावड़ा 16 नंबर वार्ड के पूर्व पार्षद मोहम्मद रुस्तम खान के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। विधायक के पहुंचते ही स्थानीय लोगों ने विरोध स्वरूप अवरोध शुरू कर दिया। गौतम चौधरी ने कहा कि व्यस्त सड़क पर इस तरह दिनदहाड़े हत्या की घटना कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग की। फिलहाल, इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश तेज कर दी गई है। इस सनसनीखेज हत्या ने पिलखाना क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल पैदा कर दिया है।

### अमेरिका ने कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 126 प्रतिशत का शुरुआती प्रतिपूर्ति शुल्क लगाया

**नयी दिल्ली :** अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी दिए जाने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 125.87 प्रतिशत का प्रतिपूर्ति शुल्क लगाने की घोषणा की है। अमेरिका ने इंडोनेशिया और लाओस से आयातित ''क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल, चाहे वे मॉड्यूल में संयोजित हों या नहीं'' पर भी अलग-अलग शुल्क दरों की घोषणा की है। अमेरिकी आदेश के अनुसार, ''24 फरवरी, 2026 को अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने भारत, इंडोनेशिया और लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (लाओस) से क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल, चाहे वे मॉड्यूल में संयोजित हों या नहीं (सौर सेल), के संबंध में प्रतिपूर्ति शुल्क जांच में अपने प्रारंभिक निष्कर्षों की घोषणा की।''

# राज्य के दो न्यायालयों को फिर मिली बम की धमकी, चला तलाशी अभियान

## आसनसोल, सिउड़ी सहित कई अदालतों में हड़कंप मचा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कई न्यायालयों को बुधवार को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे न्यायिक परिसरों में हड़कंप मच गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब एक दिन पहले भी राज्य के सात न्यायालयों, जिनमें कलकत्ता उच्च न्यायालय भी शामिल था, को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। पुलिस के अनुसार, बुधवार की सुबह सबसे पहले पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल जिला एवं सत्र न्यायालय में बम की अफवाह फैली। यह धमकी भरा ई-मेल जिला न्यायाधीश को भेजा गया था। संदेश में दावा किया गया था कि न्यायालय परिसर में बम रखा गया है, जो कुछ समय बाद विस्फोट करेगा। सूचना मिलते ही आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में भारी पुलिस बल, बम निरोधक दस्ते और डाग स्क्वाड ने अदालत परिसर को घेर लिया। एहतियातन सभी अदालत कक्ष खाली करा लिए गए और सुनवाई स्थगित कर दी गई। इसी तरह की स्थिति बीरभूम जिले के सिउड़ी जिला न्यायालय में भी देखने को मिली। न्यायालय सूत्रों के अनुसार, जिला न्यायाधीश को धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ, जिसके बाद दोपहर 12 बजे निर्धारित सुनवाई स्थगित कर दी गई और एहतियातन न्यायालय कक्ष तथा परिसर खाली करा लिया गया। डीएसपी कुणाल चक्रवर्ती के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सघन जांच की, लेकिन दोपहर बाद तक किसी भी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई। दोनों स्थानों पर पुलिस और बम निरोधक दस्ता तत्काल सक्रिय हुआ। दोपहर 2 बजे तक चली सघन तलाशी के दौरान किसी भी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई।

Charnock
Lohia
HOSPITAL

OPENS TODAY!



ROOTED IN HERITAGE
READY FOR TOMORROW

250 beds Super-specialty Heritage hospital in Central Kolkata



Inspired by
Smt Mamata Banerjee
Hon'ble Chief Minister, Government of West Bengal

-: CHIEF GUEST :-
Janab Firhad Hakim
Hon'ble Mayor, Kolkata Municipal Corporation, Minister-in-Charge, Urban Development & Municipal Affairs, Govt of WB

-: CHIEF PATRON :-
Shri Sudip Bandyopadhyay, Hon'ble MP, Lok Sabha

GUESTS OF HONOUR :-
Dr Smt Shashi Panja, Hon'ble Minister-in-Charge, Industry, Commerce & Enterprises Dept and Women & Child Development & Social Welfare Dept, Govt of WB
Shri Swapan Debnath, Hon'ble Minister in Charge, Dept of Animal Resource Development, Govt of WB

GUESTS OF HONOUR :-
Smt Chandrima Bhattacharya, Hon'ble Minister of State, Finance, Health & Family Welfare, Land and Land Reforms, Refugee & Rehab, Govt of WB
Shri Sujit Bose, Hon'ble Minister of State, Fire & Emergency Services, Govt of WB

DISTINGUISHED GUESTS :-
Smt Dola Sen, MP (Rajya Sabha)
Shri Kunal Ghosh, State General Secretary, AITC

SPECIAL GUESTS :-
Shri Vivek Gupta, MLA | Smt Nayana Bandyopadhyay, MLA
Shri Tapas Chatterjee, MLA | Smt Aditi Munshi, MLA
Shri Deboprasad Bag, MLA

-: SPECIAL INVITEES :-
Shri Rajesh Kumar Sinha, Councillor, KMC | Smt Ellora Saha, Councillor, KMC | Shri Tarak Nath Chattopadhyay, Councillor, KMC
Shri Debraj Chakraborty, Member of MIC, BMC | Shri Mrinal Saha, Former Councillor | Shri Sanjay Bakshi, Former MLA
Smt Smita Bakshi, Former MLA | Shri Priyal Chaudhuri, Youth Leader, AITC

296/B, RABINDRA SARANI, KOLKATA-700006
033 4509 4509

## डिजिटल खतरे को भी आतंकवाद माना

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इंटरनेट के दौर में लगातार घातक और ग्लोबल होते आतंकवाद से निपटना देश-दुनिया की बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। आधुनिक तकनीक और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क के चलते दुनिया का कोई कोना आज आतंकवाद से अछूता नहीं है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि आतंकवाद से मुकाबला करने वाला हमारा तंत्र तकनीक और संसाधनों के दृष्टिकोण से उन्नत नहीं है, जिसके चलते अपराधी पुलिस व सुरक्षा बलों पर इक्कीस पड़ते हैं। संगठित अपराधी गिरोह हवाला और अन्य स्रोतों से वित्तीय संसाधन जुटाकर सरकारों को चुनौती देने लगे हैं। इस संकट के आलोक में भारत सरकार ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करने की रणनीति को अंतिम रूप दिया है। भारत सरकार ने अब आतंकवाद के खिलाफ जंग में नई राष्ट्रीय नीति और रणनीति 'प्रहार' को सिरे चढ़ाने की घोषणा की है। 'प्रहार' अर्थात् 'प्रिवेंशन, रिस्पांस एंड हेल्थिंग अप्रोच टू एंटी-टेररिज्म।' गृह मंत्रालय द्वारा तैयार इस आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति में पहली बार डिजिटल खतरों को आतंकवाद की श्रेणी में रखा गया है। हाल ही के दिनों में देश के भोले-भाले नागरिकों को जिस तरह हाउस अरेस्ट करके सरेआम लूटा गया, उससे देश के सभ्य समाज में भय व्याप्त है। लोगों की जीवनभर की जमापूंजी और सेवानिवृत्ति लोगों के पूरे सेवाकाल की बचत पर जिस तरह ऑनलाइन डाका डाला जा रहा है, उसे देखते हुए डिजिटल खतरों को आतंकवाद की श्रेणी में रखना वक्त की जरूरत है। साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि डिजिटल अपराधों से आतंक फैलाने वालों को आतंकवादियों जैसी सजा देने का प्रावधान हो। हाल ही के दिनों में देश में साइबर हमले और आपराधिक हैकिंग के मामले भी खासे बढ़े हैं। यह स्वागतयोग्य है कि नई आतंकवाद विरोधी नीति में दुनिया के काले कारोबार की कुख्यात धारा डार्क वेब, क्रिप्टो मायाजाल आदि उन्नत तकनीकों द्वारा अपराध जगत को सींचने वाले वित्तपोषक तंत्र से निपटना भी नई आतंकवाद विरोधी नीति का लक्ष्य होगा, जो आज देश में आतंकवाद पोषण का जरिया बन रहा है।

निस्संदेह, हाल ही के दिनों में सीमा पार से जारी ड्रोन हमले और साइबर आतंकवाद देश की सुरक्षा के लिए चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए आतंकवादी हमलों पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। यदि खतरे को समय रहते भांपते हुए तत्काल प्रतिक्रिया दी जा सके तो नागरिकों के हित सुरक्षित रह सकते हैं। इसके लिये जरूरी है कि नागरिक सुरक्षा में लगी पुलिस, सुरक्षा बलों तथा अन्य आंतरिक क्षमताओं को एकीकृत किया जाए। साथ ही वैश्विक स्तर पर भारत की संप्रभुता को चुनौती देने वाले संगठनों पर नकेल कसने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में समन्वय की जरूरत है। आतंकवाद के खिलाफ जारी इस रणनीति में आतंकी हमलों की रोकथाम के लिए इंटेलिजेंस सूचनाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, सुरक्षा बलों को उन्नत हथियार उपलब्ध कराने, नई तकनीक से लैस करने, पुलिस, एनएसजी व केंद्रीय सुरक्षा बलों में समन्वय से तत्काल प्रतिक्रिया देने, सुरक्षा एजेंसियों के आधुनिकीकरण व प्रशिक्षण से आतंक पर प्रहार की क्षमता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि पहली बार भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को भी आतंकवाद रोधी कानूनी ढांचे में शामिल किया गया है। इसके अलावा समाज में कट्टरपंथ को रोकने के लिए किए जाने वाले प्रयासों का जिक्र आतंकवाद विरोधी नीति में शामिल है, जिसमें सामुदायिक नेताओं, धर्मगुरु व स्वयंसेवी संगठनों की मदद भी ली जाएगी। निस्संदेह, समय के साथ बढ़ती आतंकवाद की चुनौती के मुकाबले में नागरिकों की सजगता व सतर्कता एक बड़ी भूमिका हो सकती है। वहीं दूसरी ओर नई आतंकवाद विरोधी नीति में समग्र सामाजिक प्रयासों का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें आतंकी हमलों के बाद समुदाय को एकीकृत करने, मनोवैज्ञानिकों, अधिवक्ताओं तथा समाजसेवी संगठनों की मदद से स्थिति सामान्य करने में लोगों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। लेकिन यहां यह भी जरूरी है कि आतंकवाद के खतरों को कम करने के लिए मानवाधिकार और कानून व्यवस्था पर आधारित प्रतिक्रिया दी जाए। निस्संदेह, लगातार मारक होती आतंकवाद की चुनौती के मुकाबले के लिए समग्र नीति के साथ नागरिकों की सजगता व सतर्कता भी बेहद जरूरी है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 फरवरी, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष दशमी, 24:35 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 12:10 तक, योग : प्रीति, 22:33 तक, सूर्योदय: 06:02, सूर्यास्त: 17:38, चन्द्रोदय : 12:25, चन्द्रास्त: 01:40, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 13:15 से 14:42

## राशिफल

**मेष :** पुरानी योजनाओं पर फिर से काम करने से तरक्की होगी। आपके करियर भाव पर शनि की दृष्टि अनुशासन मांगती है, इसलिए कार्यक्षेत्र में किसी पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा करने से ही फायदा मिलेगा।

**वृष :** करियर में तरक्की कम्युनिकेशन पर टिकी है। मिथुन के चंद्रमा आपके धन भाव को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे टीम के साथ असरदार तरीके से आइडिया शेयर कर पाएंगे और काम में तेजी आएगी।

**मिथुन :** आपकी अपनी राशि में चंद्रमा की उपस्थि एनर्जी देगी। लग्न में चंद्रमा और भाग्य स्थान में वक्री बुध आपको करियर की दिशा पर आत्म-चिंतन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

**कर्क :** आज आपकी तरक्की परदे के पीछे रहकर होगी। द्वादश भाव में चंद्रमा की स्थिति आंकड़ों में सुधार या किसी छिपी हुई गलती को पकड़ने में मदद करेगी, जो करियर के लिए गेम-चेंजर होगा।

**सिंह :** नेटवर्किंग से तरक्की की संभावना है। ग्यारहवें भाव के चंद्रमा पुराने क्लाइंट या सहयोगियों से फिर से जुड़ने का मौका देंगे, जिससे नए प्रोफेशनल रास्ते खुलेंगे। सोशल कनेक्शन से आर्थिक लाभ होगा।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। दशम भाव में चंद्रमा की स्थिति पुराने पेंडिंग प्रोजेक्ट्स पर फोकस करवाएगी। आप विश्लेषण करके गलतियों को पकड़ने में माहिर रहेंगे।

**तुला :** आपकी प्रोग्रेस दूरदर्शी सोच और पुरानी सीख पर निर्भर है। नवम भाव के चंद्रमा और पंचम भाव में ग्रह-संयोग क्रिएटिव कामों में पुराने आइडिया को नए रूप में पेश करने में सफलता देंगे।

**वृश्चिक :** आपकी प्रगति स्ट्रेटेजिक इम्प्रूवमेंट से छिपी है। चौथे भाव में पांच ग्रह और अष्टम के चंद्रमा सुझाव देते हैं कि बिजनेस प्लान की स्ट्रक्चरल कमी को ठीक करना भविष्य में बड़ी मजबूती देगा।

**धनु :** आज आपकी प्रगति काम के फॉलोअप से होगी। तीसरे भाव में ग्रहों की युति और सातवें भाव के चंद्रमा मार्केटिंग और सेल्स में पुराने क्लाइंट्स से फिर से फायदा करवाने का योग बना रहे हैं।

**मकर :** आपकी काम की एफिशिएंसी ही तरक्की का आधार है। छठे भाव के चंद्रमा और दूसरे भाव के वक्री बुध आपको वर्कफ़्लो सुधारने और पुरानी टेक्निकल गलतियों को ठीक करने में कामयाबी देंगे।

**कुम्भ :** आपकी अपनी राशि में 5 ग्रहों का महासंगम और वक्री बुध सुझाव देते हैं कि पुराने क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स, जिन्हें आपने छोड़ दिया था, उन्हें दोबारा शुरू करने से पहचान मिलेगी।

**मीन :** आज करियर में प्रगति रिसर्च से होगी। बारहवें भाव में ग्रहों का भारी प्रभाव और चौथे भाव के चंद्रमा सुझाव देते हैं कि एकांत में पुराने डिटेल्स को क्लियर करना आपको दूसरों से आगे रखेगा।

# आदित्यनाथ की जापान यात्रा के पहले दिन 11 हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जापान यात्रा के पहले दिन बुधवार को विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ करीब 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। राज्य सरकार द्वारा लखनऊ में जारी बयान के मुताबिक इन जापानी कंपनियों में कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। बयान के अनुसार ये समझौते कृषि यंत्र विनिर्माण, औद्योगिक मशीनरी विनिर्माण, जल व पर्यावरण अवसंरचना समाधान, मोटर वाहन, इलेक्ट्रॉनिक, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, आतिथ्य एवं रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद



है। इसमें कहा गया कि कुबोता कारपोरेशन जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और यह कृषि एवं औद्योगिक मशीनरी विनिर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। वहीं मिंडा कारपोरेशन मोटर वाहन कलपुर्जे विनिर्माण में अग्रणी है जो मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। अधिकारियों के मुताबिक जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री मोटर वाहन एवं वैमानिकी क्षेत्र के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। वहीं नागासे एंड कंपनी लिमिटेड केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। बयान के अनुसार इन कंपनियों के बीच सहयोग से मोटर वाहन, इलेक्ट्रॉनिक और उन्नत उपकरणों के विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। सीको एडवांस उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए पहचानी जाती है। इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक पैनल, ग्लास प्रिंटिंग आदि इसके उत्पाद हैं। वहीं ओ एंड ओ ग्रुप ने आतिथ्य और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को हस्ताक्षरित समझौतों से द्विपक्षीय औद्योगिक सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## गोरखपुर में सौतेली मां ने तीन साल की बच्ची की हत्या कर दी

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर में पिपराइच थानाक्षेत्र के बिजहरा गांव में 35 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर अपनी तीन वर्षीय सौतेली बेटी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि ग्रामीणों ने लगभग एक किलोमीटर तक पीछा कर उसे पकड़ लिया गया एवं पुलिस के हवाला कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी पूजा ने लगभग एक महीने पहले त्रिवेणी मौर्य (40) से शादी की थी। पुलिस ने कहा कि मौर्य की पहली पत्नी, लक्ष्मी की दो साल पहले मृत्यु हो गई थी और पहली शादी से उसकी एक बेटी अदिति (तीन) थी। पुलिस के मुताबिक यह वारदात मंगलवार देर रात पिपराइच थानाक्षेत्र के बिजहरा गांव में हुई। मौर्य की शिकायत के अनुसार रात में करीब 11 बजे जब वह शौच करने घर से बाहर निकले तब उसकी अनुपस्थिति में, पूजा ने सो रही बच्ची को उठाया, उसे जमीन पर पटक दिया और उस पर कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे उसकी गर्दन कट गई। मौर्य ने पुलिस को बताया कि जब वह वापस लौटा तो उसने कमरे को खून से लथपथ पाया और शोर मचाया तथा उसकी चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए, तभी आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा, ग्रामीणों ने उसका लगभग एक किलोमीटर तक पीछा किया तथा पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि वह परेशान थी क्योंकि उसका पति अपनी बेटी को अधिक प्यार करता था। थाना प्रभारी ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अपराध में इस्तेमाल कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और आगे की जांच जारी है।

## झारखंड के पाकुड़ में वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक परिवार के तीन लोगों की मौत

**पाकुड़ :** झारखंड के पाकुड़ जिले में वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक दंपति और उनकी तीन वर्षीय बेटी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के हावड़ा मंडल में नागरनबी रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार रात यह दुर्घटना हुई। ट्रेन की पटरियां पार करते समय परिवार यहां न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान राजा पाड़ा निवासी चंदन सरदार (35), उनकी पत्नी रिम्पा (25) और बेटी अर्पिता के रूप में हुई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के उपनिरीक्षक रमेश किस्कू ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।''

## अमित शाह ने भूमि बंदरगाह प्राधिकरण की बैठक के साथ तीन दिवसीय बिहार दौरे की शुरुआत की

**पटना :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को भूमि बंदरगाह प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपने तीन दिवसीय बिहार दौरे की शुरुआत की। यह प्राधिकरण गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक वैधानिक निकाय है, जो सीमा अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। बैठक बिहार के किशनगंज जिले में हुई, जहां शाह सीमांचल क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे के पहले चरण में पहुंचे हैं। यह क्षेत्र राज्य के उत्तर-पूर्व में स्थित है और नेपाल तथा पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा



हुआ है। शाह नेपाल से लगी खुली सीमा की निगरानी से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ भी बैठक कर सकते हैं। बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने मंगलवार को कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी और जाली मुद्रा के प्रसार पर रोक लगाने के उपायों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दे सकते हैं।

## राजस्थान में 2524 निजी बसों के चालान किये गये एवं 899 चालकों के लाइसेंस निलंबित किये गये

**जयपुर :** राजस्थान में अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 2,524 निजी बसों के चालाना किए गए जबकि 899 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए। राज्य सरकार ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। सरकार की ओर से भाजपा विधायक देवेंद्र जोशी के एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी गयी। विधायक ने विगत तीन वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों निजी बसों के खिलाफ कार्रवाई का ब्यौरा मांगा था। सरकार की ओर से बताया गया कि बस की 'बॉडी' निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं होने के मामले में एक अप्रैल-31 दिसंबर 2025 के दौरान 2524 चालान किए गए। यह संख्या उसके पिछले साल की समान अवधि (एक अप्रैल-31 दिसंबर 2024) में 897 थी। सरकार ने कहा कि इसी अवधि में निलंबित किए गए ड्राइविंग लाइसेंस की संख्या क्रमशः 899 एवं 562 रही। सरकार ने अपने जवाब में बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग समय-समय विशेष जांच अभियान चलाता है और नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन एवं वाहन चालक के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाती है।

## राजस्थान में दो से अधिक संतान वाले भी लड़ सकेंगे पंचायतीराज और नगरपालिका के चुनाव

**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव से पहले दो से अधिक संतान वालों को भी पंचायतीराज और नगरपालिका चुनाव लड़ने की अनुमति देने का फैसला किया है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कैबिनेट की बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए अलग-अलग विधेयक लाएगी। इन मंत्रियों ने बताया कि राज्य मंत्रिमण्डल की बुधवार को हुई बैठक में इसे मंजूरी दी गई।

## चंपई सोरेन के पोते का निधन, हेमंत सोरेन एवं सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जताया शोक

**शिमला/रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते वीर सोरेन को मंगलवार को ऊंचाई वाले इलाकों की यात्रा से लौटने के बाद तेज सिरदर्द हुआ और वह बेहोश



हो गया और उसके बाद मनाली में उसकी मौत हो गई। वीर सोरेन (19) अपने दोस्तों के साथ सोलंग और हामटा दर्रा घूमने के बाद हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मनाली पहुंचा था। उसके दोस्तों ने पुलिस को दिए गए बयान में कहा कि ऊंचाई वाले इलाकों से लौटने के बाद वीर ने अचानक तेज सिरदर्द की शिकायत की जिसके बाद उसे दवा दी गई लेकिन वह बेहोश हो गया और बिस्तर से गिर गया। जब वीर सोरेन को अस्पताल ले जाया जा रहा था जब कथित तौर पर उनके मुंह से झाग निकला था। मनाली के पुलिस उपाधीक्षक डी शर्मा ने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि प्रथम दृष्टया शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। शव को वीर के दादा को सौंप दिया गया है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्हें किसी भी तरह की गड़बड़ी का संदेह नहीं है और उन्होंने पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया।

## बसपा विधायक उमा शंकर सिंह के लखनऊ और बलिया स्थित परिसर पर आयकर की छापेमारी

**लखनऊ :** आयकर विभाग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एकमात्र विधायक उमा शंकर सिंह के लखनऊ और बलिया स्थित आवासों पर बुधवार को छापेमारी की। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने, हालांकि, बुधवार की दोपहर तक छापेमारी के कारणों या उसके परिणाम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। सिंह (55) बलिया जिले के रसड़ा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह तीन बार के विधायक



हैं और इससे पहले निर्माण व्यवसाय से जुड़े थे। इस बीच, बसपा विधायक के रिश्तेदार तथा भाजपा नेता और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री दिनेश सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए इस छापेमारी का विरोध किया है। मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज आयकर विभाग बलिया जिले के रसड़ा से विधायक उमा शंकर सिंह के घर पर छापेमारी कर रहा है, जिनके परिवार में हमारी रिश्तेदारी है।'' उन्होंने कहा कि राज्य और देश के नेताओं के साथ-साथ आयकर विभाग सहित सभी अधिकारियों को इस बात की जानकारी है कि विधायक पिछले दो वर्षों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा, ''दो साल से अधिक समय से वह जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में उनका सारा समय और धन उन्हें बचाने में खर्च हो रहा है न कि कुछ अर्जित करने में। उनके सभी कारोबार लगभग बंद हो गये हैं।'' उन्होंने कहा, आज वह अपने ही आवास में पृथक-वास में रह रहे हैं और वह विधानसभा सत्र में भी भाग नहीं ले सके हैं। दिनेश सिंह ने कहा, ''विधानसभा का सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है लेकिन एक घंटे के लिए भी सदन में जाने की स्थिति में नहीं हैं।''

## झारखंड का युवक दस साल बाद परिवार से मिला

**मेदिनीनगर :** झारखंड के पलामू जिले के एक विशेष संवेदनशील जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के 19 वर्षीय युवक को करीब दस वर्ष बाद पश्चिम बंगाल से खोजकर उसके परिजनों से मिलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि छतरपुर पुलिस थाना क्षेत्र के कला गांव का निवासी मंदीस परहैया मात्र नौ वर्ष का था जब वह अपने माता-पिता से बिछड़ गया था। दस साल बाद पुलिस ने उसे पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में खोज निकाला और 22 फरवरी को वह अपने घर लौटा। पलामू की पुलिस अधीक्षक रीश्मा रमेशन ने बताया कि युवक के पिता मंगल परहैया के बयान के आधार पर पिछले साल 18 दिसंबर को औपचारिक गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## झारखंड: आरपीएफ ने मानव तस्करी की कोशिश नाकाम की, दो लड़कियों को मुक्त कराया

**रांची :** रांची रेलवे पुलिस ने बुधवार को दो लड़कियों को मुक्त कराया, जिन्हें घरेलू सहायिका के तौर पर काम दिलाने के बहाने दिल्ली ले जाया जा रहा था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद, सोमवार को चलाये गए जांच अभियान के दौरान 40-वर्षीय एक महिला से पूछताछ की गई। रेलवे पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला की पहचान दिल्ली के अगर नगर स्थित किराड़ी निवासी रेशमा देवी के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि झारखंड के गुमला पुलिस थाने में महिला के खिलाफ अपहरण, बलात्कार, मानव तस्करी और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं।



रांची रेलवे पुलिस थाने के उपनिरीक्षक सोहन लाल ने बताया, ''सोमवार रात ट्रेन में चलाये गए जांच अभियान के दौरान हमने दो लड़कियों को मुक्त कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जब उनसे उनके गंतव्य के बारे में पूछा गया, तो लड़कियां स्पष्ट जवाब नहीं दे पाईं और बताया कि वे उस महिला के साथ दिल्ली जा रही हैं। पूछताछ करने पर महिला ने दावा किया कि वह उन्हें घरेलू सहायिका के तौर पर काम दिलाने के लिए ले जा रही है।'' रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) चौकी पर तैनात एक महिला उपनिरीक्षक द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ के दौरान, आरोपी महिला ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वह लड़कियों को दिल्ली ले जा रही थी और उन्हें 14,000 रुपये से 15,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन पर घरेलू सहायिका का काम दिलाने का वादा किया है। पूछताछ के दौरान महिला ने यह भी बताया कि उसे इसके एवज में प्रत्येक लड़की पर 2,000 रुपये से 3,000 रुपये प्रतिमाह का कमीशन मिलता है। महिला ने स्वीकार किया कि वह पहले भी झारखंड से कई लड़कियों को दिल्ली ले गई है। यह भी सामने आया कि उसके खिलाफ पांच दिसंबर 2023 को गुमला पुलिस थाने में अपहरण, बलात्कार, मानव तस्करी और पॉक्सो अधिनियम से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## परीक्षा विवाद बना पिता की हत्या का कारण, बेटे ने दर्ज कराई झूठी गुमशुदगी की रिपोर्ट: लखनऊ पुलिस

**लखनऊ :** लखनऊ के आशियाना इलाके में 21 वर्षीय एक युवक ने नीट (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) को लेकर हुए विवाद के बाद लाइसेंसी राइफल से पिता को गोली मार दी और बाद में सबूत नष्ट करने के लिए शरीर के टुकड़े कर



दिए। पुलिस ने दो दिन पहले सामने आए इस गंभीर मामले में घटनाओं के क्रम का विवरण देते हुए बुधवार को यह जानकारी दी। बुधवार को एक प्रेस नोट में, लखनऊ पुलिस आयुक्त कार्यालय ने कहा कि आरोपी अक्षत प्रताप सिंह को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि अक्षत ने 23 फरवरी को आशियाना थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पिता मानवेंद्र सिंह अपने आवास से लापता हो गए हैं लेकिन पूछताछ के दौरान उसके बयान संदिग्ध लगे। पुलिस ने कहा, लगातार पूछताछ करने पर आरोपी टूट गया और उसने कबूल कर लिया कि 20 फरवरी की सुबह करीब साढ़े चार बजे नीट को लेकर हुए विवाद के बाद उसने लाइसेंसी राइफल से अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अधिकारियों के मुताबिक, हत्या के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने के इरादे से चाकू और आरी से शव के हाथ-पैर काट दिए. कटे हुए अंगों को पॉलिथीन में लपेटकर नादरगंज इलाके में एक नहर के पास झाड़ियों में फेंक दिया गया, जबकि शेष धड़ को घर के अंदर रखे नीले प्लास्टिक के ड्रम के अंदर छिपा दिया गया।

## वर्ग पहेली नं. 3363

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | | 4 | ■ |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | | ■ | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | ■ | 12 | | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | ■ | |
| ■ | 15 | | ■ | 16 | 17 | ■ | 18 | | ■ |
| 19 | | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | 21 |
| | ■ | ■ | 22 | 23 | | ■ | ■ | 24 | |
| 25 | | 26 | ■ | 27 | | | 28 | ■ | |
| | ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | |

*बायें से दायें:-* 1) विस्तृत, 3) तथ्यात्मक, 5) सामग्री, 7) पड़ोस, 9) इलज़ाम, 11) थूक, 12) गुलामी, 13) मुसलमानी धर्मसूत्र, 14) निर्णीत, 15) अस्थि, 16) सौ हज़ार, 18) रीछ, 19) उधड़ना, 20) मज़बूत चारपाई, 22) सूर्य, 24) प्राकृतिक जलाशय, 25) कड़ा *(जवाब)*, 27) पक्का खाना, 29) चेहरा मोहरा; पहचानचिन्ह; लक्षण, 30) दोस्ती.

*ऊपर से नीचे:-* 1) खुल्लम खुल्ला, 2) धरती, 3) बंदर, 4) रुई वाला पौधा, 6) पैसेवाला, 8) परेशान करना, 10) धरना, 12) पैतृक धन का विभाग, 15) निकट भूतकाल, 17) जैन साधु, 19) चार पैरों एवं लंबी दुमवाला छोटा जीव, 21) उलझनों से मुक्त होना, 23) एक भारतीय सिक्का, 26) एक ग्रह, 28) ताज़ा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ल | ग | ■ | ■ | अ | मु | क | ■ | स |
| धि | ■ | ज | म | घा | ट | ■ | भी | त | र |
| का | य | र | ■ | प | ल | क | ■ | ■ | स |
| धि | ■ | ■ | सा | ला | ■ | व | फ़ा | दा | री |
| क | ला | कं | द | ■ | बे | ल | ■ | ख़ि | ■ |
| ■ | प | ■ | र | स | द | ■ | बे | ल | न |
| क | र | डी | ■ | रा | म | दा | स | ■ | या |
| स | वा | ■ | मे | ह | ■ | मा | न | ना | ■ |
| क | ह | ल | वा | ना | ■ | द | ■ | ते | ज़ी |

## सुडोकू-पहेली-3321

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 3 | | 1 |
| | | | 5 | | | | | |
| 5 | | 7 | 6 | | | | 2 | 8 |
| 6 | | | 3 | | 1 | 7 | 4 | |
| 9 | | | | | | | | |
| | | 3 | | | | 9 | 1 | 6 |
| | 2 | | 7 | | 6 | | | |
| 7 | 8 | | | 4 | | | | |
| | | | | 5 | 2 | | | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3320 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 4 | 7 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## भवानीपुर में जैन मानस स्तंभ का उद्घाटन,

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिया शांति और सद्भाव का संदेश



**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर के राय स्ट्रीट स्थित जैन मानस स्तंभ का भव्य उद्घाटन किया। जीतो कोलकाता चैप्टर एवं सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक–सांस्कृतिक कार्यक्रम में मेयर फिरहाद हकीम, सांसद माला रॉय,विधायक देवाशीष कुमार , पार्षद असिम बसु सहित अनेक गणमान्य नागरिक और जैन समाज के धर्मेंद्र जैन,विनोद दुगर् , चंद्रेश मेघानी, दिनेश जैन,प्रदीप पटवा,भावेन कामदार व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस पवित्र अवसर पर उपस्थित होकर वह स्वयं को धन्य महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मानस स्तंभ अहंकार त्यागने और विनम्रता अपनाने का प्रतीक है। जैन समाज की सराहना करते हुए कहा कि जैन धर्म सदियों से शांति, अहिंसा, करुणा और आत्मसंयम का संदेश देता आया है। ममता बनर्जी ने जैन धर्म की पवित्र प्रार्थना नवकार मंत्र का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बंगाल का जैन धर्म के साथ बहुत पुराना और गहरा संबंध रहा है। भगवान महावीर, जिनका बाल्यकालीन नाम वर्धमान था, का इस क्षेत्र से ऐतिहासिक जुड़ाव रहा है और राज्य में स्थित अनेक प्राचीन जैन मंदिर इस सांस्कृतिक रिश्ते के साक्षी हैं। उन्होंने भवानीपुर को मिनी इंडिया बताते हुए कहा कि यहां हर धर्म, भाषा और समुदाय के लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में साथ रहते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि जैन मानस स्तंभ न केवल आस्था का प्रतीक बनेगा, बल्कि शहर में सामाजिक समरसता और धार्मिक सद्भाव को और अधिक मजबूत करेगा।

## जीतो कोलकाता चैप्टर अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ने मुख्यमंत्री का जताया आभार, उद्योग सहयोग का रखा प्रस्ताव



मुख्यमंत्री का स्वागत करते धर्मेंद्र जैन, प्रदीप पटवा एवं बुधमल लुनिया

जीतो कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन ने जैन मानस स्तंभ के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति को गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी से जैन समाज स्वयं को सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहा है। धर्मेंद्र जैन ने कहा कि यह मानस स्तंभ आने वाले 500 से 1000 वर्षों तक आस्था और संस्कृति का प्रतीक बनकर खड़ा रहेगा। इसकी विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सहयोग और पहल से इसका निर्माण संभव हुआ है। स्तंभ पर अंकित नवकार मंत्र चार भाषाओं हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती और बंगाली में लिखा गया है, जो यह दर्शाता है कि यह केवल जैन धर्म के लिए नहीं, बल्कि सर्वधर्म सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार जैन साधुओं को राज्य में प्रवेश के दौरान पूर्ण सुरक्षा प्रदान करती है, जो पूरे देश में एक मिसाल है। इससे बंगाल में रहने वाले जैन समाज का सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। धर्मेंद्र जैन ने बताया कि जीतो एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जिसमें जैन समुदाय के अग्रणी उद्योगपति जुड़े हैं। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि जैन समाज के शीर्ष 100 उद्योगपतियों और राज्य सरकार के उद्योग विभाग के साथ मिलकर एक सम्मेलन आयोजित किया जाए, जिससे वैश्विक उद्योगों को बंगाल में लाया जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि 27 तारीख को छह उद्योग प्रतिनिधि बंगाल आ रहे हैं और आगामी सत्र में संयुक्त रूप से बिजनेस डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। साथ ही उन्होंने न्यू टाउन क्षेत्र में जैन मंदिर की आवश्यकता का मुद्दा भी उठाया और उम्मीद जताई कि सरकार भविष्य में इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगी।



उद्घाटन समारोह में जीतो कोलकाता के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन, चंद्रेश मेघानी, प्रदीप पटवा, दिनेश जैन, बुधमल लूनिया, सुनील जैन, मेहुल मेघानी, सौरभ जैन, परिमल अजमेरा, व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## हिंसा और भ्रष्टाचार बंगाल में कैंसर की तरह फैल चुके हैं : राज्यपाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस ने बुधवार को कहा कि राज्य में हिंसा और भ्रष्टाचार ने कैंसर का रूप ले लिया है और राज्य के उज्ज्वल भविष्य के लिए इन दोनों बुराइयों का समूल उन्मूलन आवश्यक है। राज्यपाल ने यह टिप्पणी कोलकाता स्थित भारतीय संग्रहालय में आयोजित 'शांति, शुचि, समृद्धि' कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में की। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य के वर्तमान वातावरण से हिंसा और भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जाएगा, तब तक लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा करना कठिन होगा। उन्होंने कहा कि बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की रक्षा हर हाल में करनी होगी। इसके लिए भ्रष्टाचार और हिंसा जैसी दोहरी बुराइयों को समाप्त करना अनिवार्य है।

राज्यपाल ने मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण के दौरान 'तार्किक विसंगति' श्रेणी में चिह्नित दस्तावेजों की न्यायिक जांच को लेकर भारत का सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप का स्वागत किया। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रक्रिया से व्यवस्था में मौजूद त्रुटियों को चरणबद्ध ढंग से सुधारा और अद्यतन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय स्वयं भी पूरी प्रक्रिया पर निकट दृष्टि बनाए हुए है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। केरल के नाम परिवर्तन के संदर्भ में मुख्यमंत्री की हालिया टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह विषय पूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की टिप्पणी उनका व्यक्तिगत मत है।






# चुनाव से पहले फिर राज्य में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, कुल 23 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

## पारिजात विश्वास पूर्व मेदिनीपुर के नए एसपी नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने पुलिस महकमे में एक और फेरबदल करते हुए बुधवार को कई आईपीएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया। इसी के साथ पूर्व मेदिनीपुर जिले को लगभग तीन महीने बाद नया पुलिस अधीक्षक (एसपी) मिला है। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पारिजात विश्वास को पूर्व मेदिनीपुर जिले का नया एसपी नियुक्त किया गया है। वहीं, मिथुन दे का तबादला कर उन्हें खड़गपुर भेज दिया गया है।




आईपीएस घृतिमान भट्टाचार्य को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। इस बार, उन्हें बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट में उपायुक्त (दक्षिण) बनाया गया है। राज्य पुलिस में कुल 23 अधिकारियों के फेरबदल किए गए हैं। आसिम खान का ट्रांसफर हावड़ा के डीसी (ट्रैफिक) से बैरकपुर के डीसी (नार्थ) के पद पर किया गया है। गणेश विश्वास को बैरकपुर के डीसी (उत्तर) से हावड़ा के डीसी (दक्षिण) पद पर भेजा गया है। सुरिंदर सिंह को हावड़ा के डीसी (दक्षिण) से तीन नंबर बटालियन का कमांडेंट के पद पर भेजा गया है। अनुपम सिंह बैरकपुर के डीसी (दक्षिण) थे। उन्हें हावड़ा का डीसी (ट्रैफिक) बनाया गया है। बैरकपुर के डीसी (उप-शहरी) जाय टुडू को होमगार्ड संगठन के वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। पापिया सुल्ताना लंबे समय से इस पद पर थीं। उन्हें बैरकपुर का डीसी (उप-शहरी) बनाया गया है। अंगशुमान साहा को दार्जिलिंग की गोरखा बटालियन का कमांडेंट बनाया गया है। पश्चिम मेदिनीपुर के एडिशनल एसपी (ट्रैफिक) मनोरंजन घोष को विधाननगर पुलिस कमिश्नरेट का एडिशनल डीसी बनाया गया है। सुब्रत देब को आसनसोल- दुर्गापुर कमिश्नरेट से हटाकर पश्चिम मेदिनीपुर जिले का एडिशनल एसपी (ट्रैफिक) बनाया गया है। कुंतल बनर्जी को कूचबिहार का एडिशनल एसपी बनाया गया है। कृष्णगोपाल मीणा को रानाघाट का एडिशनल एसपी बनाया गया है। सुमंत कबीराज को मुर्शिदाबाद का एडिशनल एसपी (ट्रैफिक) बनाया गया है। इसके अलावा, जलपाईगुड़ी (ग्रामीण) के एडिशनल एसपी उत्तम घोष, कृष्णानगर (ग्रामीण) के एडिशनल एसपी सुरजीत कुमार दे, रायगंज के एडिशनल एसपी समीर अहमद, पूर्व बर्दवान के एडिशनल एसपी (ट्रैफिक) लालटू हलदर, खड़गपुर के एडिशनल एसपी मितुन कुमार दे बनाए गए हैं।

## भांगड़ से आईएसएफ कार्यकर्ता के घर से 28 बम और बंदूक बरामद, दो गिरफ्तार

❑ चुनावी माहौल में इलाके में दहशत, सुरक्षा बढ़ी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनावी माहौल के बीच दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ इलाके से पुलिस ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के एक कार्यकर्ता के घर से 28 जिंदा बम और एक देशी बंदूक बरामद किया है। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। इस मामले में पुलिस ने आईएसएफ कार्यकर्ता सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर उत्तर काशीपुर थाने की टीम ने मंगलवार की रात भांगड़ के बनियारा खानपाड़ा गांव में बिपुल समीम खान नामक आईएसएफ कार्यकर्ता के घर पर छापेमारी के दौरान बमों व बंदूक को जब्त किया गया। बमों को प्ला-



स्टिक के तीन कंटेनरों में रखा गया था। छापेमारी की कार्रवाई रात 9.40 बजे से रात 11.20 बजे के बीच चली। पुलिस का दावा है कि आरोपितों ने अवैध तरीके से घर में हथियार और बम की खेप रखा था। इन्हें कथित रूप से अज्ञात बदमाशों के हाथों बेचने की योजना थी। पूछताछ में दोनों आरोपित संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपितों से पूछताछ कर पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। बमों की बरामदगी के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## विधानसभा चुनाव : घोषणा पत्र में क्षेत्रवार मुद्दों पर भाजपा का जोर, उत्तर बंगाल के लिए अलग संकल्प पत्र की तैयारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र की तैयारी में सूक्ष्म और क्षेत्र विशेष के मुद्दों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस बार, केवल राज्यव्यापी बड़े मुद्दों तक सीमित रहने के बजाय अलग-अलग इलाकों की स्थानीय समस्याओं और अपेक्षाओं को प्रमुखता दी जा रही है। पार्टी की राज्य समिति के एक सदस्य, जो घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से जुड़े हैं, ने बताया कि वर्तमान जटिल राजनीतिक परिस्थितियों में कुछ व्यापक मुद्दे ऐसे हैं जो पूरे राज्य में समान रूप से लागू होते हैं, लेकिन इसके साथ ही अनेक क्षेत्र ऐसे भी हैं जहां विशिष्ट स्थानीय समस्याएं मौजूद हैं। इसलिए इस बार घोषणा पत्र में सूक्ष्म स्तर के क्षेत्रीय मुद्दों को रेखांकित करने और उनके समाधान का स्पष्ट खाका प्रस्तुत करने की रणनीति अपनाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी उत्तर बंगाल के आठ जिलों, कूचबिहार, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण दिनाजपुर, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और मालदह के लिए एक अलग लघु घोषणा पत्र जारी करने की तैयारी में है। राज्यव्यापी मुख्य और विस्तृत घोषणा पत्र के अतिरिक्त यह विशेष घोषणा पत्र केवल उत्तर बंगाल की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं पर केंद्रित होगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि, उत्तर बंगाल के लिए अलग घोषणा पत्र की रणनीति के पीछे चुनावी गणित भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दक्षिण बंगाल में जहां तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक रहा है, वहीं उत्तर बंगाल में भाजपा को पूर्व में उल्लेखनीय सफलता मिली थी।

## प्राथमिक के 32 हजार शिक्षकों की बहाली पर हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**कोलकाता :** प्राथमिक विद्यालयों के 32 हजार शिक्षकों की नौकरी बहाल रखने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को अब सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। मूल याचिकाकर्ताओं की ओर से विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर कर आरोप लगाया गया है कि भ्रष्टाचार के जरिए मिली नौकरियों को मानवीय आधार पर बरकरार रखना कानूनन गलत है। गौरतलब है कि वर्ष 2014 की टीईटी परीक्षा के आधार पर 2016 में लगभग 42,500 प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। इस नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। मामले की सुनवाई करते हुए 12 मई 2023 को हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने 32 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया था। हालांकि बाद में हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के फैसले को निरस्त कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर अनियमितता साबित नहीं हुई है और कुछ उम्मीदवारों की वजह से सभी शिक्षकों की नौकरी रद्द नहीं की जा सकती। साथ ही यह भी कहा गया कि कथित भ्रष्टाचार की जांच अभी जारी है। अब इसी फैसले को चुनौती देते हुए कुछ अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। याचिका में कहा गया है कि जब नियुक्ति में गड़बड़ी के पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं, तब केवल मानवीय आधार पर नौकरी बहाल रखना कानून के विरुद्ध है। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट में होने की संभावना है।

## तिलजला गोलीकांड में पिता-पुत्र गिरफ्तार, हथियार व कारतूस बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के तिलजला इलाके में हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने बुधवार के तड़के पिता-पुत्र की जोड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के नाम मोहम्मद सलमान और उसके पिता मोहम्मद अनवर के रूप में हुई है। दोनों को उस समय दबोचा गया जब वे शहर से फरार होने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से एक आग्नेयास्त्र, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बता दें कि घटना के बाद से दोनों भूमिगत हो गए थे। मंगलवार की देर रात सूचना मिली कि वे अंधेरे का फायदा उठाकर शहर छोड़ने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद, पुलिस ने तिलजला रेलवे गेट संख्या दो के पास छापेमारी की। तड़के करीब 3 बजे रिक्शा स्टैंड के समीप घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया। पुलिस के मुताबिक, सोमवार की देर रात बेनियापुकुर थाना क्षेत्र के तिलजला रोड पर यह गोलीबारी हुई थी। आरोप है कि मोहम्मद सलमान ने मोहल्ले के युवक मोहम्मद नियाज उर्फ राजा को घर से बाहर बुलाकर उस पर गोली चला दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद की शुरुआत कथित तौर पर शीतल पेय की दो बोतल चोरी होने के आरोप को लेकर हुई थी। जानकारी के अनुसार, सोमवार की दोपहर एक वृद्ध दुकानदार ने अपनी दुकान के बाहर रखे फ्रिज से दो बोतलें गायब होने पर एक स्थानीय युवक पर चोरी का आरोप लगाया। युवक की मां ने इस आरोप का विरोध किया। दुकानदार ने मामले को सुलझा-ने के लिए पड़ोस के इलाके से सूरज नामक युवक को मध्यस्थता के लिए बुलाया। इसी बात पर नियाज ने आपत्ति जताई, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। शाम के समय विवाद फिर उभर आया। आरोप है कि सलमान के पिता ने भी सूरज को बुलाने के फैसले का समर्थन किया, जिससे कहासुनी तेज हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसी दौरान सलमान ने नियाज को धमकी दी थी। परिजनों का कहना है कि देर रात करीब एक बजे सलमान ने बातचीत के बहाने नियाज को घर से बाहर बुलाया और बाहर आते ही उस पर गोलियां चला दीं। उसे तत्काल एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका ऑपरेशन किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। पुलिस आगे की जांच के लिए दोनों की हिरासत की मांग कर सकती है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## जीएनआईटी में एआईसीटीई-आईडिया लैब का शुभारंभ, नवाचार आधारित शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (जीएनआईटी) में अत्याधुनिक एआईसीटीई-आईडिया लैब का उद्घाटन किया गया। यह संस्थान जेआईएस ग्रुप की एक शैक्षणिक पहल है। लैब का उद्घाटन जेआईएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक सरदार तरणजीत सिंह, संयुक्त प्रबंध निदेशक सरदार हरनजीत सिंह और निदेशक सरदार सिमरप्रीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद युनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति प्रो. तापस चक्रवर्ती, जीएनआईटी के प्राचार्य प्रो. स्वरूप कुमार मित्रा, वरिष्ठ शिक्षाविद, संकाय सदस्य, छात्र तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



नई एआईसीटीई-आईडिया लैब आधुनिक और उद्योग-उन्मुख बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है, जो विचार से लेकर प्रोटोटाइप निर्माण तक संपूर्ण उत्पाद विकास प्रक्रिया को समर्थन प्रदान करती है। इसमें सीएनसी राउटर, लेजर कटिंग मशीन, 3डी स्कैनर, 3डी प्रिंटर, विनाइल कटर और उच्च क्षमता वाले कंप्यूटिंग सिस्टम जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह लैब छात्रों में रचनात्मकता, डिजाइन थिंकिंग, समस्या-समाधान क्षमता और उद्यमिता कौशल विकसित करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' जैसी राष्ट्रीय पहलों के अनुरूप यह पहल छात्रों को अपने विचारों को व्यवहारिक समाधान में बदलने में मदद करेगी।

इस अवसर पर सरदार तरणजीत सिंह ने कहा कि यह लैब नवाचार-आधारित शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे छात्र भविष्य के इंजीनियर, नवप्रवर्तक तथा रोजगार सृजक के रूप में तैयार होंगे।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने मनाया संत गाडगे महाराज के 150वीं जयंती



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय धोबी महासंघ, पश्चिम बंगाल राज्य समिति द्वारा संत गाडगे महाराज के 150वीं जयंती समारोह का आयोजन 23 फरवरी को महाजती सदन के निकट किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवचयनित पदाधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पश्चिम बंगाल राज्य के रजक समाज के नए पद के रूप में जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद रजक, महासचिव सूरज रजक (एडवोकेट) और कोशाध्यक्ष रमेश लाल चौधरी ने शपथ लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने अखिल भारतीय धोबी महासंघ के सदस्य हीरालाल रजक, मुकेश रजक, प्रदीप रजक, शम्भु रजक, राजकुमार रजक, लखिकान्त दास, अर्जुन रजक, गौरीशंकर रजक, रवि रजक, सूरज रजक (बी.एल.शाह रोड), राजेश रजक, दिलीप रजक, मनोज रजक, रंजन चौधरी, जगदीश रजक, लक्ष्मण रजक, गोपाल रजक, कृष्ण प्रसाद रजक, ललिता रजक, डॉली रजक, मीना रजक, सुनील दास और विशेषकर कार्यकारी अध्यक्ष रवि रजक ने अपना महत्व-पूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## परीक्षा में बैठने की अनुमति के लिए डीएलएड प्रशिक्षुओं ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

❑ डिवीजन बेंच से राहत

**कोलकाता :** स्पेशल एजुकेटर टीईटी परीक्षा को लेकर एक बार फिर कानूनी विवाद खड़ा हो गया है। 22 फरवरी को होने वाली परीक्षा में बैठने की अनुमति मांगते हुए डीएलएड प्रशिक्षु अभ्यर्थियों ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया।

मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की डिवीजन बेंच ने आवेदकों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दे दी। सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि निर्धारित समयसीमा पार होने के बाद आवेदन क्यों किया गया। इससे पहले इसी मुद्दे पर एकल पीठ में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने देरी का हवाला देते हुए प्रशिक्षु अभ्यर्थियों की याचिका खारिज कर दी थी। उसी आदेश को चुनौती देते हुए अभ्यर्थियों ने डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार स्पेशल एजुकेटरों के लिए यह टीईटी परीक्षा आयोजित की जा रही है।

एनसीटीई के नियमों के मुताबिक प्रशिक्षण प्राप्त और प्रशिक्षणरत दोनों श्रेणी के उम्मीदवार परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। लेकिन वर्ष 2026 की परीक्षा में डीएलएड प्रशिक्षु अभ्यर्थियों को मौका नहीं दिए जाने के कारण उन्हें अदालत की शरण लेनी पड़ी। डिवीजन बेंच के आदेश के बाद संबंधित अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है।

## रेल स्वास्थ्य सेवाओं का नया मानक: बी.आर. सिंह अस्पताल बना पूर्व रेलवे का गौरव

**कोलकाता :** बीआर सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। पूर्व रेलवे के पहले भारतीय एजेंट बाबा रामरिक सिंह के नाम पर स्थापित यह अस्पताल वर्षों से रेल कर्मचारियों और उनके परिजनों को समर्पित स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। वर्तमान में 525 बेड की क्षमता वाला यह अस्पताल प्रतिदिन औसतन 1,542 ओपीडी मरीजों को सेवा देता है, जबकि लगभग 50 नए मरीज रोजाना भर्ती होते हैं। अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें पीएसए, ऑक्सीजन प्लांट और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन स्टोरेज प्लांट शामिल हैं, जिससे आपात स्थितियों में भी निर्बाध ऑक्सीजन आपूर्ति सुनिश्चित होती है।




अस्पताल में 57 स्वीकृत विशेषज्ञ चिकित्सक कार्यरत हैं, जिनमें आईआरएचएस के वरिष्ठ डॉक्टर शामिल हैं। मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ 247 ऑन-साइट ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। छह बेड वाला अत्याधुनिक कैजुअल्टी और ट्रायेज विभाग आपातकालीन सेवाओं को संभालता है। नेत्र, ईएनटी, न्यूरोलॉजी, एंडोक्राइनोलॉजी, रूमेटोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, हीमेटोलॉजी, डायबिटीज और मनोचिकित्सा जैसे विभागों के साथ यह अस्पताल व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है।

सियालदह डिवीजन के अंतर्गत स्वास्थ्य इकाइयों का विस्तृत नेटवर्क प्रतिमाह लगभग 9,000 मरीजों को सेवा देता है। टेलीमेडिसिन सुविधा, आधुनिक एंबुलेंस सेवा और रक्त संग्रह केंद्र जैसी व्यवस्थाएं इसकी पहुंच को और मजबूत बनाती हैं। पूर्व रेलवे के लिए बी.आर. सिंह अस्पताल केवल एक चिकित्सा संस्थान नहीं, बल्कि बेहतर और सुरक्षित भविष्य का भरोसा है।

### न्यूज ब्रीफ

#### एक्सिस बैंक ने अड्डा एजुकेशन के साथ की साझेदारी

**कोलकाता :** एक्सिस बैंक ने अड्डा एजुकेशन के साथ मिलकर अपने वाणिज्यिक बैंकिंग समूह (सीबीजी) के लिए रिलेशनशिप मैनेजरों (आरएम) का विशिष्ट कैडर तैयार करने के लिए नियुक्ति-प्रशिक्षण- तैनाती (हायर-ट्रेन-डिप्लॉय -एचटीडी) कार्यक्रम लॉन्च किया है । इस पहल का उद्देश्य है, बैंक की तेज़ी से बढ़ती लघु एवं मध्यम उपक्रम (एसएमई) फ्रेंचाइज़ी को मज़बूत करना , जो इसके रणनीतिक प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक है। राजकमल वेम्पति, ग्रुप एग्जीक्यूटिव ह्यूमन रिसोर्स हेड, एक्सिस बैंक ने इस पहल पर अपनी टिप्पणी में कहा , सेवा क्षेत्र भारत की वृद्धि में महत्व-पूर्ण भूमिका निभा रहा है, ऐसे में रोज़गार के लिए तैयार और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने वाले कर्मचारियों की ज़रूरत है, खास तौर पर एसएमई जैसे उच्च प्राथमिकता वाले खंड में। बिमलजीत भसीन, सीईओ, स्किलिंग एंड हायर एजुकेशन, अड्डा एजुकेशन ने कहा , सीबीजी रिलेशनशिप मैनेजर प्रोग्राम के लॉन्च से स्पष्ट है कि एक्सिस बैंक जटिलताओं से भरी ग्राहक संपर्क वाली भूमिका के लिए उच्च गुणवत्ता वाली टैलेंट पाइपलाइन बनाने के लिए करियर247 पर भरोसा करता है।

#### आईकू 15आर हुआ लॉन्च, स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 के साथ परफेक्ट फिट डिज़ाइन में फ्लैगशिप परफॉर्मेंस

**कोलकाता :** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड, आईकू ने आज आईकू 15आर लॉन्च किया। यह स्मार्टफोन फ्लैगशिप-स्तर की ताक़त के साथ ऐसा परफेक्ट-फिट डिज़ाइन लेकर आया है जो रोज़मर्रा के इस्तेमाल में पूरी तरह आरामदायक है। युवा प्रोफेशनल्स को ध्यान में रखकर बनाया गया आईकू 15आर काम, गेमिंग और एंटरटेनमेंट के बीच आसानी से स्विच करने वालों के लिए है, जिसमें दमदार परफॉर्मेंस, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी और शानदार विज़ुअल अनुभव मिलता है। फ्लैगशिप लाइनअप में नए स्मार्टफोन आईकू 15आर को लेकर आईकू के सीईओ निपुण मार्या ने कहा कि आईकू 15आर के साथ हमारा फोकस रोज़मर्रा की ज़िंदगी में फ्लैगशिप परफॉर्मेंस के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करने पर है, खासकर युवा प्रोफेशनल्स के लिए। स्मार्टफोन, एक्सेसरीज़ और पोस्ट-परचेज़ सर्विसेज़ के कैटेगरी लीडर तनमय शाह ने कहा कि आईकू के साथ हमारी लंबे समय से चली आ रही साझेदारी ने पूरे भारत में ग्राहकों तक इनोवेटिव 5जी स्मार्टफोन्स पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है।

#### कॉमेडके यूगेट और यूनी-गेज 2026 एंट्रेंस एग्जाम 09 मई 2026 को होगा

**कोलकाता :** कॉमेडके यूगेट और यूनी-गेज 2026 एंट्रेंस एग्जाम शनिवार, 09 मई 2026 को होगा। यह यूनिफाइड नेशनल-लेवल टेस्ट कर्नाटक के 150+ इंजीनियरिंग कॉलेजों और पूरे भारत में 30+ जाने-माने प्राइवेट, सेल्फ-फंडेड और डीम्ड यूनिवर्सिटी में अंडरग्रेजुएट इंजीनियरिंग एडमिशन के लिए एक गेटवे के तौर पर काम करता है। कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ. कुमार ने कहा, कॉमेडके में, हमारा पक्का मानना है कि एक स्टूडेंट की काबिलियत ही उसकी पढ़ाई-लिखाई के सफ़र के लिए एकमात्र गाइडिंग फैक्टर होनी चाहिए। कॉमेडके यूगेट फेयरनेस, ट्रांसपेरेंसी और बराबर मौके के लिए हमारे कमिटमेंट को दिखाता है।

#### व्यापार समझौतों और 16% की अनुमानित आय वृद्धि से निफ्टी छू सकता है 27,958 का स्तर : पीएल कैपिटल

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल की ताजा 'इंडिया स्ट्रैटेजी रिपोर्ट' के अनुसार, भारत की विकास यात्रा अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। स्पष्ट सरकारी नीतियां, ऐतिहासिक व्यापार समझौते और बुनियादी ढांचे पर लगातार निवेश मिलकर अर्थव्यवस्था के अगले विस्तार चरण की मजबूत नींव रख रहे हैं। शेयर बाजार में लंबे समय से जारी स्थिरता का दौर अब खत्म होता दिख रहा है और नई उम्मीदें जग रही हैं। हाल के दिनों में कंपनियों की आय के अनुमानों में मामूली बदलाव के बावजूद, अर्थव्यवस्था के बुनियादी आधार बेहद मजबूत हैं। अमनिश अग्रवाल, डायरेक्टर रिसर्च (इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज), पीएल कैपिटल ने कहा, भारत अब केवल अस्थाई सुधार के दौर से आगे निकलकर एक मजबूत और स्थाई विकास की राह पर है। इस चक्र की सबसे खास बात है- नीतियों का जमीनी स्तर पर सटीक क्रियान्वयन, निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी और मैन्युफैक्चरिंग व डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में उभरते बड़े अवसर।

### न्यूज अपडेट

#### बंगाल को खुद को समुद्री राज्य के रूप में स्थापित करना चाहिए: सान्याल

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बुधवार को कहा कि राज्य को खुद को एक समुद्री राज्य के रूप में फिर से स्थापित करना चाहिए और एक बड़े बंदरगाह की स्थापना पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखते हुए 7-7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर को बरकरार रखने में सफल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थिरता के साथ निरंतर वृद्धि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की कुंजी है। सान्याल ने मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि भारत के व्यापक आर्थिक मानक बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने इसके लिए कम मुद्रास्फीति, राजकोषीय संतुलन और ऋण-जीडीपी अनुपात के नियंत्रण में होने का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कोविड महामारी के दौरान भी सख्त राजकोषीय नजरिया अपनाया, जिससे स्थिरता बनाए रखने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि आर्थिक अवसरों के द्वार खोलने के लिए पश्चिम बंगाल को खुद को एक समुद्री राज्य के रूप में फिर से स्थापित करना चाहिए और अपनी तटरेखा पर एक बड़े बंदरगाह की स्थापना पर विचार करना चाहिए।

#### ब्लू लाइन में बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का उद्घाटन, पावर कट में भी चलेगी मेट्रो




**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे कोलकाता ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए ब्लू लाइन के सेंट्रल मेट्रो स्टेशन पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) का शुभारंभ किया। यह प्रणाली भारतीय रेल और पूर्व भारत में अपनी तरह की पहली पहल है। इस अवसर पर महाप्रबंधक एस.एस.मिश्रा, वरिष्ठ अधिकारीगण, एमआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे। यह 4 मेगावाट क्षमता वाला बीईएसएस उन्नत रसायन सेल बैटरियों और इन्वर्टरों से सुसज्जित है। वर्ष 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत 'नेशनल प्रोग्राम ऑन एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल बैटरी स्टोरेज' के तहत विकसित यह प्रणाली 6.4 मेगावाट-घंटे लिथियम आयरन फॉस्फेट (एलएफपी) बैटरी पर आधारित है। ग्रिड फेल या अचानक बिजली कटौती की स्थिति में यह सिस्टम मिड-टनल में फंसी मेट्रो रेक को 55 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अगले स्टेशन तक पहुंचाने में सक्षम होगा। साथ ही यह भूमिगत स्टेशनों के वेंटिलेशन और पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली को भी बिजली आपूर्ति देगा। लगभग 14 वर्ष की आयु वाली यह कॉम्पैक्ट और ग्रीन बैटरी प्रणाली कार्बन उत्सर्जन कम करने, ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और बिजली बिल में कमी लाने में भी सहायक होगी।

#### एसआईआर को लेकर आज फिर हाईकोर्ट में बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर को लेकर आज दोपहर 1:30 बजे एक बार फिर कोलकाता हाईकोर्ट में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में होगी, जिसमें राज्य प्रशासन और कानून-व्यवस्था से जुड़े शीर्ष अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजी), कोलकाता पुलिस आयुक्त (सीपी), राज्य निर्वाचन आयुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुपालन में इससे पहले 21 फरवरी को भी हाईकोर्ट में एक बैठक हुई थी। उस बैठक में कोलकाता के पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार, मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, डीजीपी पीयूष पांडे, एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक चक्रवर्ती तथा सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल मौजूद थे।

#### सोनारपुर में परीक्षा के दौरान बीमार पड़ने से किशोर छात्र की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर थाना अंतर्गत कोडालिया इलाके में 8वीं क्लास के एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान पृथ्वीराज हलदर (14) के तौर पर हुई है। बताया गया है कि बुधवार की सुबह स्कूल में परीक्षा के दौरान छात्र बीमार पड़ गया। बाद में, उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है। परिवार के सूत्रों के मुताबिक, पृथ्वीराज हर दिन की तरह सुबह 8 बजे घर से निकला था। इस दिन, उसका आठवीं क्लास का परीक्षा था। परिवार का दावा है कि सुबह 8:48 बजे घर पर फोन आया। माता-पिता को बताया गया कि वह बीमार पड़ गया है। इसी बीच, स्कूल वाले बीमार पृथ्वीराज को अस्पताल ले गए। जब परिवार अस्पताल पहुंचा, तो उन्हें अपना बेटा मरा हुआ मिला। मृतक के पिता राजकुमार हलदर पेशे से बिजनेसमैन हैं। उनके अनुसार, वह आज सुबह ठीक महसूस करते हुए घर से निकला था। मुझे नहीं पता कि उसके बाद क्या हुआ। उसे स्कूल से ऑटो-रिक्शा में अस्पताल ले जाया गया। एंबुलेंस का भी इंतज़ाम नहीं किया गया।' हालांकि, स्कूल ने पूरे मामले पर कोई जवाब नहीं दिया है।

#### गलत नोटिफिकेशन का बोझ हम क्यों उठाएं? विकास भवन के बाहर प्रमोशनल आईसीडीएस परीक्षार्थियों का प्रदर्शन

**कोलकाता :** रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग को लेकर बुधवार को विकास भवन के सामने आंगनवाड़ी कर्मियों और प्रमोशनल आईसीडीएस परीक्षार्थियों ने प्रदर्शन किया। सुपरवाइजर पद पर नियुक्ति की मांग को लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी एकत्र हुए और कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार जल्द बहाली की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि 24 जनवरी 2025 को हाईकोर्ट ने प्रमोशनल सुपरवाइजर पद के लिए 1713 रिक्तियों को मान्य किया था, लेकिन अब तक उस आदेश को लागू नहीं किया गया है। आरोप है कि लिखित परीक्षा में सफल 1152 प्रमोशनल अभ्यर्थियों को अभी तक नियुक्ति नहीं दी गई है। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, राज्य के विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी यहां पहुंचे हैं। हमारी नियुक्ति क्यों रोकी गई है? गलत नोटिफिकेशन बार-बार क्यों जारी किया गया और उसकी जिम्मेदारी हम क्यों लें? अभ्यर्थियों का आरोप है कि प्रशासनिक त्रुटियों के कारण उनकी नियुक्ति प्रक्रिया अटकी हुई है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। विकास भवन के बाहर जारी इस प्रदर्शन के चलते क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

#### सुरक्षा मुद्दे पर हाईकोर्ट पहुंचे शुभेंदु, याचिका दायर करने की अनुमति

**कोलकाता :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सामने हुई कथित अव्यवस्था और सुरक्षा चूक के मामले में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने इस संबंध में याचिका दायर करने की अनुमति दे दी है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि पहले भी हाईकोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष की सुरक्षा को लेकर पुलिस को सतर्क रहने का निर्देश दिया था। आरोप है कि मंगलवार को सीईओ कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान शुभेंदु अधिकारी को प्रदर्शनकारियों के आक्रोश का सामना करना पड़ा और उनकी ओर जूता फेंके जाने की घटना भी हुई। वकील ने दावा किया कि मौके पर पुलिस मौजूद होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद अदालत से औपचारिक रूप से याचिका दायर करने की अनुमति मांगी गई, जिसे मंजूर कर लिया गया।

**सीईओ कार्यालय के बाहर हंगामे पर एफआईआर, भाजपा कार्यकर्ताओं पर आरोप**

दूसरी ओर, सीईओ कार्यालय के सामने हुए हंगामे को लेकर एक महिला बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की शिकायत पर हरे स्ट्रीट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने झंडे लेकर प्रदर्शनकारियों पर हमला किया, मारपीट की और महिला बीएलओ के साथ अभद्र व्यवहार किया। शिकायतकर्ता के अनुसार, बीएलओ 'अधिकार रक्षा समिति' के बैनर तले शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, तभी कुछ लोगों ने आक्रामक रुख अपनाया। आरोपपत्र में कहा गया है कि यह केवल कानून-व्यवस्था का उल्लंघन नहीं, बल्कि ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों और महिला कर्मियों के सम्मान पर सीधा आघात है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

# विधानसभा चुनाव : टिकट को लेकर तृणमूल कांग्रेस में मंथन तेज, पुराने चेहरों पर पार्टी फिर दिखा सकती है भरोसा!

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस के अंदर उम्मीदवारों की सूची को लेकर लगातार बैठकें चल रही हैं, लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस बार किसी बड़े बदलाव की संभावना कम है। ज्यादातर सीटों पर पार्टी पुराने चेहरों पर ही भरोसा बनाए रखने के मूड में है। सूत्रों के मुताबिक, अंतिम फैसला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी लेंगे। फिलहाल, कोलकाता को लेकर एक शॉर्ट लिस्ट तैयार की जा रही है, जिसमें ज्यादातर मौजूदा विधायकों के नाम शामिल बताए जा रहे हैं।

मानिकतला सीट पर सुमी पांडे के दोबारा मैदान में उतरने की चर्चा है। उन्होंने 2024 के उपचुनाव में भाजपा के कल्याण चौबे को भारी मतों के अंतर से हराया था। वहीं, बेहाला पूर्व और बेहाला पश्चिम को लेकर भी अटकलें तेज हैं। पार्थ चटर्जी 2001 से पश्चिम में लगातार जीतते आ रहे हैं। पिछली बार उन्होंने भाजपा की श्रावंती चटर्जी को भारी अंतर के वोटों से हराया था। वहीं, शोभन चटर्जी की पार्टी में वापसी के बाद माना जा रहा है कि वे सीधे बेहाला से न लड़कर उत्तर कोलकाता की किसी सीट से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं या फिर चुनाव के बजाए संगठन में बड़ी ज़िम्मेदारी दी जा सकती है। इंटाली सीट से मौजूदा विधायक स्वर्ण कमल साहा ने पार्टी नेतृत्व को यह संकेत दिया है कि वे चुनाव नहीं लड़ना चाहते। ऐसे में उनके बेटे संदीपन साहा को टिकट मिलने की संभावना जताई जा रही है। पिछले चुनाव में स्वर्ण साहा ने भाजपा की प्रियंका टिबरेवाल को भारी मतों के अंतर से हराया था। जोड़ासांको सीट पर भी बदलाव के संकेत मिल रहे हैं, क्योंकि वहां हिंदी भाषी मतदाताओं की संख्या काफ़ी ज्यादा है और पार्टी नए चेहरे पर दांव लगाने पर विचार कर रही है। इस सीट से पिछले विधानसभा चुनाव में विवेक गुप्ता ने भाजपा की मीना देवी पुरोहित को हराया था। खड़दह सीट को लेकर भी चर्चाएं गर्म हैं। बताया जा रहा है कि शोभनदेव चटर्जी इस बार वहां से चुनाव नहीं लड़ेंगे, ऐसे में पार्टी किसी नए उम्मीदवार को मौका दे सकती है। वहीं, कमरहट्टी और आसपास की सीटों पर भी नामों को लेकर अंदरखाने मंथन जारी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बीते कुछ दिनों में ज़िला नेताओं को कोलकाता बुलाकर वन-टू-वन बातचीत की जा रही है। इसका मकसद जमीनी रिपोर्ट लेना और यह समझना है कि किस सीट पर कौन सा चेहरा ज्यादा मजबूत साबित हो सकता है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 2026 के चुनाव को देखते हुए तृणमूल कांग्रेस जोखिम लेने के बजाय भरोसेमंद चेहरों के साथ आगे बढ़ना चाहती है। कोलकाता जैसे अहम शहरी इलाके में पार्टी किसी बड़े प्रयोग से बच रही है। अब सबकी निगाहें आधिकारिक उम्मीदवार सूची पर टिकी हैं। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में तृणमूल कांग्रेस कोलकाता समेत कई अहम सीटों पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर सकती है।

# 'युवासाथी' योजना में आवेदनों का आंकड़ा 60 लाख पार, दक्षिण 24 परगना सबसे आगे

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राज्य बजट में घोषित 'युवासाथी' योजना को युवाओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। 16 तारीख से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन तक इस योजना में कुल 60 लाख 95 हजार 181 आवेदन जमा हो चुके हैं। केवल बुधवार को ही 3 लाख 24 हजार 71 नए आवेदन दर्ज किए गए। आवेदन की समयसीमा बढ़ाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जिला स्तर पर सबसे अधिक आ-वेदन दक्षिण 24 परगना से प्राप्त हुए हैं, जहां से 6 लाख 92 हजार 283 आवेदन जमा हुए। दूसरे स्थान पर मुर्शिदाबाद (5 लाख 81 हजार 503) और तीसरे पर उत्तर 24 परगना (4 लाख 63 हजार 210) है।

**जिला-वार आवेदन संख्या इस प्रकार है:**

| | |
|---|---|
| उत्तर 24 परगना – | 4,63,210 |
| बांकुड़ा – | 3,00,375 |
| पुरुलिया – | 2,92,385 |
| नदिया – | 3,22,029 |
| हुगली – | 3,15,728 |
| पूर्व बर्दवान – | 2,84,403 |
| पश्चिम मेदिनीपुर – | 2,90,485 |
| हावड़ा – | 2,84,735 |
| पूर्व मेदिनीपुर – | 3,22,400 |
| बीरभूम – | 2,54,832 |
| जलपाईगुड़ी – | 2,00,720 |
| कूचबिहार – | 2,15,126 |
| पश्चिम बर्दवान – | 2,26,047 |
| मालदा – | 2,72,879 |
| उत्तर दिनाजपुर – | 1,80,102 |
| दक्षिण दिनाजपुर – | 1,20,494 |
| कोलकाता – | 1,51,633 |
| अलीपुरद्वार – | 1,11,358 |
| दार्जिलिंग – | 1,10,719 |
| झाड़ग्राम – | 82,397 |
| कालिम्पोंग – | 19,338 |

आवेदनों की तेज रफ्तार को देखते हुए माना जा रहा है कि योजना को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। अब सबकी नजर इस पर है कि क्या राज्य सरकार आ-वेदन की अंतिम तिथि बढ़ाती है या नहीं।

# रमजान पर राशन कार्डधारकों को विशेष सब्सिडी पैकेज, ममता सरकार ने की घोषणा



**कोलकाता, समाज्ञा :** रमजान महीने को ध्यान में रखते हुए ममता बनर्जी सरकार ने विशेष खाद्य सहायता पैकेज की घोषणा की है। राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) और विशेष प्राथमिकता श्रेणी (एसपीएच-एच) के राशन कार्डधारक परिवारों को निर्धारित अवधि तक रियायती दर पर आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। सरकारी निर्णय के मुताबिक, यह सुविधा इस सप्ताह से 19 मार्च तक लागू रहेगी। पात्र परिवार अपने नजदीकी राशन दुकानों से प्रति परिवार एक किलो चीनी 32 रुपये, एक किलो मैदा 30 रुपये और एक किलो चना 65 रुपये की सब्सिडी दर पर प्राप्त कर सकेंगे। सभी वस्तुएं नियंत्रित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएंगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि रमजान के दौरान खाद्य सामग्री की मांग बढ़ जाती है, इसलिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को राहत देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। राज्य भर के राशन डीलरों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि किसी भी पात्र लाभार्थी को वंचित न होना पड़े। प्रशासन ने अपील की है कि पात्र कार्डधारक तय समयसीमा के भीतर राशन दुकानों से सामग्री प्राप्त करें।

# परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा ने की महत्वपूर्ण बैठक




**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आगामी परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, बिहार के स्वास्थ्य मंत्री व बंगाल के पार्टी प्रभारी मंगल पांडेय सहित सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्रिगेड मैदान में होने वाली सभा को लेकर भी चर्चा की गयी। जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी आगामी 13 या 14 मार्च को ब्रिगेड मैदान में जनसभा को संबोधित कर सकते हैं।

# विकास भवन के सामने सिविल डिफेंस कर्मियों का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा विभाग के सॉल्टलेक स्थित मुख्यालय के बाहर बुधवार को सैकड़ों नागरिक सुरक्षा कर्मियों ने 30 दिनों का सुनिश्चित मासिक कार्य और स्थायी रोजगार की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विभिन्न जिलों से आए प्रदर्शनकारियों ने विकास भवन के बाहर सड़क पर धरना दिया और यातायात अवरुद्ध कर दिया। पता चला है कि वे पिछले साल 13 जुलाई को जारी एक सरकारी आदेश में संशोधन की मांग कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा व्यवस्था के तहत उन्हें केवल 14 दिन काम करने की अनुमति है, जिसके बाद अनिवार्य अंतराल होता है, जिससे महीने के बाकी दिनों में उनकी आय स्थिर नहीं रहती। पत्र और बैनर लिए प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि जब उन्होंने शिक्षा विभाग के मुख्यालय के पास इकट्ठा होने की कोशिश की तो पुलिस ने उन पर हमला किया। एक प्रदर्शनकारी ने दावा किया कि हम प्रशासन का अभिन्न अंग हैं, फिर भी पुलिस ने हमें तितर-बितर करने के लिए लाठियों का इस्तेमाल किया। हमने मंत्री जावेद खान को लगभग 50 पत्र सौंपे हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। प्रदर्शनकारी ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे दिन-रात धरना जारी रखेंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्होंने कोविड-19 महामारी और चक्रवात अम्फान के दौरान राज्य की सेवा की थी, लेकिन अब उन्हें नियमित काम से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी जिम्मेदारियां मुख्य रूप से चुनाव और विशेष अवसरों तक ही सीमित हैं, जिसके कारण कई नागरिक सुरक्षा कर्मी महीने के अधिकांश समय बिना किसी तैनाती के रह जाते हैं।

# कोलकाता में 4.3 करोड़ से अधिक की विदेशी मुद्रा के साथ तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके से पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा बरामद कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद विदेशी मुद्रा का कुल मूल्य 4.3 करोड़ से अधिक बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपितों के पास से 4.74 लाख अमेरिकी डॉलर नकद बरामद किए गए, जिसकी भारतीय मुद्रा में कीमत लगभग 4.31 करोड़ आंकी गई है। इसके अतिरिक्त तीन लाख थाई बहत भी जब्त किए गए, जिनकी कीमत करीब 8.77 लाख बताई जा रही है। आपरोपियों के नाम सायान दास, असद मोहम्मद पंजाबी और फिरोज खान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, पार्क स्ट्रीट क्षेत्र में तीनों की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए उन्हें रोका गया और तलाशी के दौरान यह बड़ी रकम बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में सामने



आया है कि सयान दास राज्य का निवासी है, हालांकि उसका मुंबई में भी कार्य संचालन का आधार बताया जा रहा है। अन्य दोनों आरोपित मुंबई के निवासी हैं। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने दावा किया कि वे यह विदेशी मुद्रा कामकाज के सिलसिले में मुंबई ले जा रहे थे और इसे मुद्रा विनिमय के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। हालांकि, पुलिस के अनुसार, आरोपित इतने बड़े पैमाने पर विदेशी मुद्रा रखने अथवा परिवहन करने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या अधिकृत अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके। दस्तावेजों के अभाव में पुलिस ने तीनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि विदेशी मुद्रा का स्रोत क्या है, इसे कहां ले जाया जा रहा था और इसका वास्तविक उद्देश्य क्या था। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि इस रकम का किसी अवैध वित्तीय गतिविधि या चुनावी प्रक्रिया से कोई संबंध तो नहीं है। पुलिस ने बताया कि आरोपितों को मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया गया और उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# राज्य के अनुरोध पर टली निर्वाचन आयोग की उच्चस्तरीय बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले प्रशासनिक तैयारियों को लेकर प्रस्तावित निर्वाचन आयोग की उच्चस्तरीय बैठक राज्य सरकार के अनुरोध पर स्थगित कर दी गई है। बैठक 1 और 2 मार्च को प्रस्तावित थी, जिसमें विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की जानी थी। सूत्रों के मुताबिक, 1 मार्च को राज्यभर में स्कूल सेवा आयोग की ग्रुप-सी पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित होनी है। इस परीक्षा में 8 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है।

इसके अलावा उसी दिन ईडन गार्डन्स में सुपर-8 चरण का एक महत्वपूर्ण क्रिकेट मैच भी निर्धारित है। प्रशासनिक व्यस्तताओं को देखते हुए राज्य ने बैठक स्थगित करने का अनुरोध किया, जिसे आयोग ने स्वीकार कर लिया। यह बैठक मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। बैठक स्थगित किए जाने की सूचना जिलाधिकारियों को दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को निर्वाचन आयोग अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करेगा। हालांकि, स्थगित बैठक अब कब आयोजित होगी, इस संबंध में अभी कोई नई तिथि घोषित नहीं की गई है।

# भाजपा के लिए रील बनाने पर 20 हजार रुपये! बंगाल चुनाव से पहले कंटेंट क्रिएटर्स पर नजर

**कोलकाता :** आगामी 2026 विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में चुनावी रणनीति को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए कंटेंट क्रिएटर्स को आर्थिक प्रोत्साहन देने की योजना बना रही है। बताया जा रहा है कि इंस्टाग्राम पर एक रील बनाने के बदले 20 हजार रुपये तक दिए जाएंगे।

सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने सोशल मीडिया प्रचार के लिए विशेष बजट तय किया है। इंस्टाग्राम रील के लिए प्रति पोस्ट 20 हजार रुपये का प्रावधान रखा गया है। हालांकि, इसके लिए कुछ शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। इच्छुक कंटेंट क्रिएटर्स के इंस्टाग्राम पर कम से कम 15 हजार फॉलोअर्स होने चाहिए और उनके पोस्ट पर औसतन 10 से 15 हजार व्यूज आने चाहिए। साथ ही, प्रचार सामग्री मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल केंद्रित होनी चाहिए।

बताया जा रहा है कि इच्छुक व्यक्तियों को एक निर्धारित लिंक के माध्यम से फॉर्म भरकर आवेदन करना होगा। इसके बाद चयनित क्रिएटर्स को पार्टी की ओर से संपर्क किया जाएगा।

इस कथित रणनीति को लेकर राजनीतिक हलकों में बहस छिड़ गई है। विरोधी दलों का कहना है कि चुनाव प्रचार में इस तरह धन के इस्तेमाल से पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं, जबकि पार्टी समर्थक इसे आधुनिक डिजिटल अभियान का हिस्सा बता रहे हैं।

फिलहाल, सोशल मीडिया आधारित इस प्रचार मॉडल को लेकर राज्य की राजनीति में चर्चा तेज हो गई है।

# रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब में आईएएफ और ईएसी कप रेस का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर के ऐतिहासिक रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब (आरसीटीसी) में बुधवार को प्रतिष्ठित आईएएफ कप और ईस्टर्न एयर कमांड (ईएसी) कप रेस का भव्य आयोजन किया गया। वर्ष 1996 में प्रारंभ की गई ये वार्षिक रेस भारतीय वायुसेना और आरसीटीसी के बीच मजबूत और ऐतिहासिक संबंधों की स्मृति में आयोजित की जाती हैं। कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, चीफ ऑफ द एयर स्टाफ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने आईएएफ कप के विजेता को ट्रॉफी प्रदान की। वहीं, एयर मार्शल सूरत सिंह, एवीएसएम, वीएम, वीएसएम, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, ईस्टर्न एयर कमांड ने ईएसी कप के विजेता को सम्मानित किया। इस अवसर पर थल सेना, नौसेना और तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिससे सशस्त्र बलों के बीच




आपसी एकता और समन्वय की भावना स्पष्ट रूप से झलकी। समारोह की गरिमा भारतीय वायुसेना बैंड की मनमोहक प्रस्तुति से और बढ़ गई, जिसने दर्शकों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया।

आईएएफ कप की रेस में अभिकंद्रा विजेता रहा, जिसके जॉकी एंटोनी राज एस थे और मालिक विक्रम बच्छावत हैं। वहीं, ईएसी कप की रेस में लागुना सेका ने जीत हासिल की। इस घोड़े के जॉकी एम.एस. देवरा थे और इसके मालिक मैसर्स केमहिल स्टड फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड एवं मैसर्स सारैनागा रेसिंग प्राइवेट लिमिटेड है। आयोजन के दौरान एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सशस्त्र बलों और नागरिक समाज के बीच संबंधों को और सुदृढ़ करते हैं तथा भारतीय वायुसेना की पेशेवर उत्कृष्टता, गौरव और एकता की परंपरा को आगे बढ़ाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बर्दवान में परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया उच्च माध्यमिक का परीक्षार्थी

**आसनसोल :** बर्दवान में उच्च माध्यमिक का एक परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया। बर्दवान शहर के श्री रामाशीश हिंदी हाई स्कूल का परीक्षार्थी बरनिलपुर के आचार्य दुर्गाप्रसन्ना विद्या मंदिर में परीक्षा दे रहा था। बुधवार को इकोनॉमिक्स परीक्षा के दौरान सेंटर इंस्पेक्टर को परीक्षार्थी के पास मोबाइल फोन मिला। मोबाइल फोन को सीज कर लिया गया है। पता चला है कि उसके सभी परीक्षा रद्द किए गए हैं।

### भांगड़ में रासायनिक विस्फोट में झुलसे नाबालिग की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ इलाके में रसायन से भरे ड्रम में विस्फोट से झुलसे नौ वर्षीय लड़के की बुधवार को यहां एक अस्पताल में मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान खारीगाची गांव के निवासी सादिकुल अहमद के रूप में हुई है। वह 17 फरवरी को सड़ककी मरम्मत के कार्य में इस्तेमाल होने वाले रसायनों से भरे एक ड्रम के फट जाने के बाद बुरी तरह झुलस गया था।
पुलिस ने बताया कि मध्य खारीगाची गांव में हुई इस घटना के समय सड़क के किनारे चार बच्चे खेल रहे थे। घटना के दौरान गंभीर रूप से घायल तीन बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें यहां के एमआर बांगुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। लगभग 95 प्रतिशत झुलस चुके सादिकुल को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रखा गया। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह 5.55 बजे बच्चे की मौत हो गई, वहीं अन्य दो घायल बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### आरजी कर भ्रष्टाचार मामले में अख्तर अली ने मांगी राहत

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में पूर्व डिप्टी सुपरिटेंडेंट अख्तर अली के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया टल गई है। बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में इस मामले में आरोप गठन होना था, लेकिन अख्तर अली ने मामले से मुक्ति (डिस्चार्ज) की मांग करते हुए आवेदन दायर किया, जिसके बाद कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी। मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च को होगी। इस मामले की सुनवाई सीबीआई की विशेष अदालत में हो रही है। बताया गया कि पहले से इस प्रकरण की सुनवाई कर रहे अलीपुर सीबीआई अदालत-2 के न्यायाधीश एसआईआर संबंधी कार्य में व्यस्त हैं। ऐसे में सीबीआई अदालत-1 के न्यायाधीश इस मामले की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सुनवाई के दौरान जैसे ही आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू होने वाली थी, अख्तर अली के वकील ने डिस्चार्ज याचिका दायर कर दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस पर आपत्ति जताते हुए जवाबी याचिका दाखिल की। इसके चलते आरोप गठन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। गौरतलब है कि अख्तर अली फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत अब 27 मार्च को इस मामले में अगली सुनवाई करेगी, जहां डिस्चार्ज याचिका पर बहस होने की संभावना है।

**Notice Inviting e-Tender**
e-Tender are hereby invited from the bonafied and resourceful bidders vide **NIT No-363/RIDF/Jangipara/25-26** for 01 no. work, **Date- 19.02.2026** by the undersigned through Online mode (**https://wbtenders.gov.in**). Last date of submission of online bid on **04 Mar 2026 15:00 Hrs.**
**Sd/-**
**Block Development Officer**
**Jangipara Development Block**

**पश्चिम मध्य रेल**
**कोटा मण्डल-निविदा आमंत्रण सूचना**
नि.आ.सू.सं.:-टीकेडी -36-2025, दिनांक: 23.02.2026
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता, विद्युत लोको शेड, तुगलकाबाद नई दिल्ली-44, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिनकी बंद होने की तिथि/समय 20.03.2026 है। निविदाकार बंद होने की तिथि व समय तक अपनी मूल/संशोधित अपनी निविदा आफर जमा कर सकते हैं। मैन्युवल निविदा ऑफर स्वीकार्य नहीं है। विवरण इस प्रकार है :-**निविदा सं.**-टीकेडी-36-2025, **कार्य का नाम व स्थान**-"वि. लोको शेड तुगलकाबाद में रिट्रैक्टेबल ओवरहेड कंडक्टर- रेल सिस्टम (ROCS) का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना/ निर्माण, परीक्षण तथा कमीशनिंग जिसमें रिट्रैक्टेबल OHE तक के ट्रांजिशन अरेंजमेंट भी शामिल है का कार्य।" **मात्रा**-120 मी., **अनुमानित लागत (रु.में)**-1,53,52,595.52, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)**-शून्य, **बयाना राशि (रु.में)**-2,26,800/-, **समापन अवधि**-06 माह, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/ समय**-20.03.2026 को 15:30 बजे तक। **नोट**- 1. ई-निविदा प्रपत्र एवं ई निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है। 2. इस ई-टेंडर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नहीं है तथा ऐसा कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है तो भी वह मान्य नहीं होगा। 3. इस टेंडर से सम्बंधित कोई आवश्यक संशोधन यदि जरुरी हो तो बेवसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा, जिसे टेंडर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। 4. टेंडरर (निविदादाता) के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट, तथा IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है। **(हस्ता.)**
**कृते वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (टीआरएस)**
वि.लोको शेड, पमरे/तुगलकाबाद-नई दिल्ली-110044
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/3/डब्ल्यू-II, दिनांक 23.02.2026**, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-183-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/सियालदह के अधीन सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों के एफओबी पर शेड का प्रावधान एवं सभी अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 3,85,49,394.90, **बयाना राशि :** रु.3,42,800/- **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 20.03.2026 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 20.03.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-413/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**खुली निविदा सूचना: एमईडी-एलआईएमएस-पीएटीएच-बीआरएसएच-2026-3, दिनांक 23.02.2026,** चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए अनुभवी एवं ख्यातिप्राप्त एजेंसियों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा नीचे दी गई वेबसाइट के ज़रिए ऑनलाइन बिड की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई भी हार्ड कॉपी में निविदा कागजात नहीं बेचा जाएगा। **निविदा सं. (सूचना): एमईडी-एलआईएमएस-पीएटीएच -बीआरएसएच-2026-3, दिनांक 17.02.2026, कार्य का नाम और स्थान:** 03 (तीन) वर्ष की अवधि हेतु पैथोलॉजी और ब्लड बैंक/बी.आर. सिंह अस्पताल के एलआईएमएस के संचालन द्वारा डेटा एंटर करना और जेनरेट करना। **निविदा लागत :** रु. 13,01,701.90, **बयाना राशि:** रु. 26,000/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय:** दिनांक 11.03.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण और सूचना पट: www.ireps.gov.in** चिकित्सा निदेशक का कार्यालय/बी.आर. सिंह अस्पताल/पूर्व रेलवे/ सियालदह।
MED-13/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/603, दिनांक 24.02.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/52/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** डीडीजे-बीएलवाईएच, डीडीजे-पीपीजीटी, डीडीजे-बीएनजे और बीटी-एचएनबी के खंड में एल/बॉक्स, सिग्नल पोस्ट, एलसी गेट आदि के पुनर्वास के साथ विश्वसनीयता सुधार कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.75,82,938.82, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.1,51,700/- **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 09.03.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 23.03.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 23.03.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहां से देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहां V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।
SDAH-415/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. : ईएल-एएसएन-सीओएन-टीआरएल-181-2026-एनआईटी, निविदा सं. : ईएल-एएसएन-सीओएन-टीआरएल-181-2026, दिनांक 24.02.2026,** उप मुख्य बिजली इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा पर्याप्त अनुभवी एवं यथा वित्तीय सम्पन्न विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्मों आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के बराकर से न्यू अंडाल स्टेशन के बीच डीएफसीसी लाइन के निर्माण के संबंध में सरेखण और आस-पास के निर्माण स्थल क्षेत्र में स्थित विद्युत उल्लंघन कार्यों का स्थानांतरण/हटाना/मार्ग परिवर्तन/संशोधन कार्य"। **निविदा मूल्य :** रु.7,63,19,914.47, **बयाना राशि :** रु.5,31,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 09 माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.03.2026 को 15.00 बजे। इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले ऊपर उल्लिखित "निविदा कागजात की लागत" एवं "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद **www.ireps.gov.in** से निविदा कागजात डाउनलोड किया जा सकता है एवं बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा एवं ऊपर वर्णित सभी कागजात **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने चाहिए। निविदा के लिए बोली उक्त बेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। यह निविदा सूचना उप मुख्य बिजली इंजीनियर/निर्माण, पश्चिम बर्द्धमान, आसनसोल-713301 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।
CON-72/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**वॉक-इन-इंटरव्यू**
**कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर की नियुक्ति**
**अधिसूचना सं. ई/ओ/जीएजेड/सीएमपी/पीटी.I/03/26**
हावड़ा मंडल/पूर्व रेलवे निम्नलिखित नियमों और शर्तों के तहत पूर्व रेलवे में हावड़ा मंडल के अस्पताल और हेल्थ यूनिटों में प्रत्याशित पदों के लिए पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर, 'कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर' (हावड़ा के लिए 01 गाइनीकोलॉजिस्ट कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर) के रूप में डॉक्टर के 01 पद एवं आर्थोपेडिक कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर और जीडीएमओ कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर के रूप में 05 (पांच) डॉक्टरों का पैनल तैयार करने को आग्रही है। डॉक्टर जो अपेक्षित योग्यता और आयु को पूरा करते हैं एवं उपर्युक्त नियुक्ति के लिए इच्छुक हैं, उनसे अनुरोध है कि वे सभी प्रमाण पत्रों, मार्क-शीट, आयु प्रमाण और आईडी प्रमाण की मूल प्रतियों और फोटोकॉपी तथा दो (02) हाल के पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ के साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ऑर्थोपेडिक अस्पताल, पूर्व रेलवे, हावड़ा के कार्यालय में **वॉक-इन-इंटरव्यू** के लिए रिपोर्ट करें।
**पद का नाम:** पूर्णकालिक नियुक्ति के आधार पर कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर (सीएमपी)। **पदों की संख्या:** 01 पद (हावड़ा के लिए 01 गाइनीकोलॉजिस्ट पद) पर नियुक्ति और प्रत्याशित रिक्ति के लिए जीडीएमओ/कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर और आर्थोपेडिक कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर हेतु 05 डॉक्टरों का पैनल। **साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान:** 16.03.2026, **रिपोर्टिंग समय:** 11.00 बजे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/हावड़ा के चैंबर में। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए, आवेदकों से अनुरोध है कि वे संबंधित प्रमाण पत्र की मूल प्रतियाँ और उनकी सत्यापित प्रतियाँ साथ लाएं। **नियुक्ति की प्रकृति:** यह नियुक्ति पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए, 20वीं अवधि तक नवीकरणीय योग्य या आवेदक के 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, या यूपीएससी द्वारा नियमित रूप से चयनित आईआरएचएस डॉक्टर उपलब्ध होने तक है। 67 वर्ष की आयु तक के सेवानिवृत्त आईआरएचएस अधिकारी/राज्य सरकार और केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारी भी पात्र हैं। **पारिश्रमिक: (i)** जीडीएमओ के लिए रु.95,000/-प्रति माह, **(ii)** स्पेशलिस्ट के लिए पहले वर्ष रु.1,23,500/- प्रति माह, दूसरे वर्ष से रु.1,30,000/-, **योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय से एमबीबीएस (जीडीएमओ के लिए) और गाइनीकोलॉजी एवं ऑर्थोपेडिक्स के लिए संबंधित स्ट्रीम में एमडी/एमएस/डीएनबी (स्पेशलिस्ट कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर के लिए) और एक वर्ष के लिए रोटेटिंग इंटर्नशिप पूर्ण होना चाहिए एवं किसी भी स्टेट मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए। एफएमजीई आवेदकों के लिए एफएमजीई में प्राप्त अंकों को मूल्यांकन के लिए विवेचित किया जाएगा। **आयु: (क)** नए आवेदकों के लिए अधिसूचना की तिथि को 60 वर्ष से अधिक नहीं **(ख)** सेवानिवृत्त आईआरएचएस अधिकारी/राज्य सरकार और केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए 65 वर्ष से अधिक नहीं। विस्तृत सूचना वेबसाइट **https://www.er.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध होगी।
**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, आसनसोल**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# चैन की नींद सोने के लिए

नीतू गुप्ता

चैन की नींद का अर्थ है बिना किसी विघ्न के रात्रि में 6 से 7 घंटे तक सोना। चैन की नींद वह है जब प्रातः आप उठें तो बिलकुल तरोताजा हों। कोई आलस्य नहीं, शरीर में भारीपन नहीं, न कोई थकान हो। शरीर बस स्फूर्ति से भरा हुआ, काम करने की इच्छा, मूड अच्छा हो, ये सभी निशानियां हैं चैन की नींद की।

जब कभी कई घंटे सोने के बाद भी आपको महसूस हो कि आप रातभर सोए नहीं हैं तो ऐसे में आप नींद न आने की समस्या के शिकार हैं। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं तो ध्यान दें कुछ बातों पर जो आपको अच्छी नींद लाने में आपकी मदद कर सकें।

### निश्चित समय पर सोएं

शोधकर्ताओं के अनुसार अगर आप जब चाहें सो जाएं और जब तक नींद न आए, जागते रहें, ऐसा रूटीन होने पर आप चैन की नींद नहीं ले पाते। कभी 10 बजे, कभी 11 बजे और कभी 12 बजे सोते हैं तो अपनी इस आदत को बदल डालें। सोने का एक निश्चित समय बनाएं. चाहे नींद आए या न आए निश्चित समय पर लाइट बंद कर बिस्तर पर चले जाएं और आंखें बंद कर सोने का प्रयास करें।

कभी-कभी मजबूरीवश तो ठीक है कि आप लेट सो रहे हैं पर आदत अपनी न बिगड़ने दें नहीं तो आप अनिद्रा के शिकार हो सकते हैं।

### दिन में न सोएं

कुछ लोग अगर रात्रि को नींद पूरी नहीं हुई हो तो दिन में कुछ घंटे सोकर नींद पूरी करते हैं। यह भी आदत सही नहीं क्योंकि दिन में सोने के बाद फिर से रात्रि में समय पर नींद नहीं आएगी और यह सिस्टम आगे तक चलता रहेगा और आप अपनी उस आदत के गुलाम बन जाएंगे। दिन में न सोएं ताकि रात्रि में आपको समय पर नींद आ सके। अगर कभी जरूरी लगे दिन में सोना तो 20 मिनट की अच्छी नींद ही लें जो आपको तरोताजा बना देगी।

### नियमित करें व्यायाम

चैन की नींद हेतु नियमित आधे घंटे का व्यायाम अवश्य करें ताकि शरीर के जोड़ और मांसपेशियां खुल जाएं और खून का शरीर में संचार ठीक होता रहे। ये सब अच्छी नींद लाने में मदद करते हैं। व्यायाम आप जिम जाकर भी कर सकते हैं, घर पर योग, पार्क में वॉकिंग, स्विमिंग, साइकलिंग कुछ भी जो आपको सुखद लगे, उसी व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। चाहें तो बदल-बदल कर भी व्यायाम कर सकते हैं। व्यायाम प्रातः खाली पेट या शाम डिनर से कम से कम एक घंटा पहले करें। डिनर के बाद थोड़ा टहल लें।

### कुनकुने पानी का स्नान लें



अगर आप बहुत थके हैं तो कुनकुने पानी का स्नान लें ताकि आपकी मसल्स रिलैक्स हो जाएं। नींद अच्छी आएगी।

### डिनर का रखें विशेष ध्यान

रात्रि का भोजन सोने से कम से कम दो तीन घंटे पूर्व करने की आदत बना लें ताकि खाना पचना प्रारम्भ हो जाए। रात्रि में खाना हल्का और सुपाच्य लें, खाने में मसालों का सेवन कम से कम करें। भारी खाने के बाद नींद आने में मुश्किल हो सकती है। खाने की मात्रा भी कम लें। अगर आप शाम को 7 बजे तक डिनर कर लेते हैं तो 10 बजे तक 1 कप गर्म दूध ले सकते हैं। नींद अच्छी आएगी।

चाय कॉफी का सेवन शाम के बाद न करें। चाय और कॉफी का सेवन शाम के 5 बजे के बाद न करें क्योंकि इनमें कैफीन होती है जो नींद को दूर भगाती है। दिन भर भी इनका सेवन कम से कम करें। रात्रि में भोजन के उपरांत चाय या कॉफी बिलकुल न पिएं। रात्रि में नींद लेट आएगी और डिस्टबर्ड नींद आएगी।

सोने से पहले टीवी और कम्प्यूटर पर न जाएं रात्रि में सोने से कम से कम एक डेढ़ घंटा पहले टीवी बंद कर दें और कम्प्यूटर पर भी काम न करें। तो न ही मोबाइल पर गाने सुनें, न ही कोई एसएमएस भेजें और रिसीव करें। ये इलैक्ट्रोनिक्स आइटम्स नींद लाने में खलल डालते हैं उनसे दूरी रखें। हो सके तो कोई मैग्जीन, नावल, अध्यात्मिक पुस्तक पढ़ें ताकि नींद अच्छी आ सके।

### खिड़की खुली रखें

जिस कमरे में आप सोते हैं, रात्रि में उस कमरे की एक खिड़की खोलकर रखें ताकि ताजी हवा आपको मिल सके और नींद अच्छी आ सके। इस बात का ध्यान रखें कि आसपास तेज आवाजें आपके कमरे के पास न आ रही हों इससे भी नींद खराब होती है।

### रात्रि में पहनें खुले वस्त्र

सोने से पहले नहाना संभव न हो तो अच्छी तरह हाथ-मुंह धोकर, ब्रश कर रात्रि के समय खुले कम्फ़र्टेबल वस्त्र पहनें। नाइट सूट सूती और खुले होने चाहिएं ताकि आपका शरीर उन्हें पहनकर आराम महसूस कर सके।

### बेड को रखें साफ

जिस बिस्तर पर आपको सोना हो उसकी बेड शीट, पिल्लो कवर धुले, साफ और आरामदायक होने चाहिए। सोने का कमरा भी साफ सुथरा हो तो नींद अच्छी आती है। मौसम के अनुसार ऊपर ओढ़ने वाली चादर, कंबल भी साफ सुथरा हो। कभी-कभी कंबल और रजाई को धूप लगवाते रहें। गद्दों को भी धूप लगवाते रहें। गद्दे आरामदायक होने चाहिए अधिक सख्त या अधिक नर्म गद्दे भी नींद न आने में मदद करते हैं। (स्वा.द.)

# पीठ के सौंदर्य के प्रति भी सचेत रहें



शैली माथुर

अधिकतर महिलाएं अपने शरीर के सभी अंगों की सफाई पर तो पूरी तरह से ध्यान देती हैं लेकिन पीठ पर ध्यान नहीं देती। क्या वे जानती हैं कि उनकी पीठ कितनी साफ है? पीठ पर ध्यान न जाने के कारण हमें उसका दिखाई न देना है। नतीजा यह होता है कि पीठ की पर्याप्त सफाई न होने के कारण उस पर मैल की परतें जमने लगती हैं।

यदि डीपनेक, बैकलैस ब्लाउज या अन्य कोई ड्रेस पहनेंगी तो मैल की ये परतें स्पष्ट रूप से दिखाई देंगी जिससे अन्य लोग आपकी लापरवाही व बदसूरती का आसानी से अंदाजा लगा पाएंगे, इसलिए कुछ बातों व नुस्खों को ध्यान में रखते हुए आप अपनी पीठ के सौंदर्य को आकर्षक बनाकर मनचाहा पहनावा पहन सकती हैं।

◆ पीठ की त्वचा को धूप की किरणों से बचा कर रखें क्योंकि पीठ की त्वचा धूप के प्रति अधिक संवेदनशील होती है, इसलिए जल्दी काली पड़ जाती है।

◆ प्रतिदिन नहाते समय पीठ की सफाई अवश्य करें। सफाई के लिए हैंडल वाले ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं।

◆ सरसों के तेल की मालिश प्रतिदिन करें।

◆ यदि आपको कंधे झुका कर चलने की आदत है तो सीधे चलने की कोशिश करें अन्यथा कूबड़ निकल आएगा जो बहुत भद्दा लगेगा।

◆ अधिक मोटापा भी पीठ के सौंदर्य व आकर्षण को कम करता है क्योंकि मोटापे से पीठ पर चरबी बढ़ जाती है।

◆ दूध में मैदा मिलाकर उबटन बना लें। इस उबटन को पीठ पर मलें। दस-पंद्रह मिनट के बाद सूखने पर ठंडे पानी से धो लें। यह प्रक्रिया हफ्ते में दो बार अवश्य करें।

◆ नींबू भी त्वचा के कालेपन को दूर करता है। नींबू को 5-10 मिनट तक पीठ पर रगड़ें। थोड़ा सूखने के पश्चात ठंडे पानी से धो लें। कालापन दूर होगा।

◆ बेसन में दही या दूध व हल्दी मिला कर पेस्ट बना लें व पीठ पर मलें। जब हल्का सा सूख जाए तब उसे रगड़ें। तत्पश्चात् ठंडे पानी से धो लें। इससे कालापन दूर होगा व त्वचा निखर जाएगी।

◆ ज्यादा गर्मी के कारण पीठ की त्वचा झुलस सी जाती है। इसके लिए उबले हुए आलुओं में नींबू का रस मिलाकर पीठ पर रगड़ें। इससे झुलसी हुई पीठ का कालापन दूर होगा। ध्यान दें आलू मलने के आधे घंटे के बाद स्नान करें।

◆ जौ का आटा, नींबू व नारियल तेल तीनों मिलाकर उबटन, बना कर पीठ पर मलें। फिर सूखने पर हल्के हाथों से रगड़े व ठंडे पानी से धो ले।

◆ जब घर से बाहर जाएं, चेहरे के साथ-साथ अपनी पीठ पर भी सनस्क्रीन लोशन अवश्य लगाएं।

◆ धूप में निकलते समय पीठ को दुपट्टे या साड़ी से ढंक कर निकलें।

◆ इन सब के प्रयोग के बाद भी आपकी पीठ की त्वचा का कालापन दूर नहीं होता तो आप किसी सौंदर्य केंद्र में जाकर भी अपनी पीठ के सौंदर्य में वृद्धि कर सकती हैं। (स्वा.द.)

# ताकि आंखें न रहें थकी थकी

सुनीता गाबा

आजकल बहुत लोगों को आंखों में थकान की शिकायत रहती है क्योंकि कंप्यूटर युग में अधिकतर लोग कंप्यूटर पर कई कई घंटे लगातार काम करते हैं। बच्चे टीवी और कंप्यूटर गेम अधिक खेलते हैं। बाद में शिकायत होती है आंखों में थकान की। बाहरी प्रदूषण, कंप्यूटर, टीवी, लगातार पढ़ाई करने से और पौष्टिक आहार न लेना ही मुख्य कारण हैं आंखों की थकान के। आइए देखें हम किस प्रकार अपनी आंखों की थकान को दूर कर सकते हैं।

### करें नियमित आंखों का व्यायाम

आंखों में थकान महसूस न हो, इसके लिए आंखों का नियमित व्यायाम करना आवश्यक है। इसके लिए कुछ दूरी पर किसी भी एक चीज पर अपना ध्यान लगाएं। बिना आंखों की पलकें झपके जब थकान महसूस हो, आंखें बंद कर लें। दो-तीन बार इस क्रिया को दोहराएं। उसके बाद आंखों को दाएं बाएं दूर से दूर देखें। गर्दन नहीं घुमाएं और आंखों को न झपकाएं। 4 से 5 बार करके आंखें बंद कर विश्राम करें।

तीसरा व्यायाम, आंखों से ऊपर से ऊपर देखें, फिर नीचे से नीचे देखें, बिना गर्दन घुमाए और पलकें झपके। फिर आंखें बंद कर विश्राम करें। हथेलियों को रगड़ कर गर्मी पैदा कर आंखों पर हथेलियों को कप बनाएं और ऊष्मा महसूस करें। देखें अंगुलियों के पोरों से आंखों की हड्डियों पर हल्का हल्का दबाएं। हथेलियों से कप बना कर आंखें झपकाएं। इस प्रकार आपकी आंखों की मसल्स रिलेक्स होंगी और थकान दूर होगी।

### नींद पूरी लें

हमारे शरीर की मांसपेशियों की टूटफूट रात्रि में आराम करते हुए काफी हद तक ठीक होती है। इसीलिए नींद पूरी लें। 6 से 8 घंटे तक नींद लेना जरूरी है। प्रतिदिन ठीक समय पर सोने का अभ्यास डालें ताकि नींद, आसानी से आ सके और आंखों की थकान के साथ-साथ शरीर की थकान भी दूर हो सके।



### लैंसेस बीच में उतारते रहें

जो लोग लैंसेस लगाते हैं या ऐनक पहनते हैं, जब वो ऐसा काम न कर रहे हों या जब उन्हें ऐनक या लैंसेस की जरूरत हो, ऐसे में ऐनक और लैंसेस उतार दें ताकि आंखें उनपर हर समय निर्भर न रहें। ऐसा करने से भी आंखों को आराम मिलता है और थकान कम महसूस होती है।

### स्क्रीन से बीच बीच में दूरी बना कर रखें

जब भी आप टीवी देख रहे हैं, वीडियो गेम खेल रहे हैं, कंप्यूटर पर काम कर रहे हैं या आंखों से कोई भी विशेष काम ले रहे हैं तो हर 10 मिनट के अंतराल में आंखों को उस काम से हटा कर एक दो मिनट के लिए कहीं दूर देखें ताकि लगातार काम से आंखों में थकान न हो। किसी कारणवश कुछ समय हेतु लगातार आंखों से विशेष काम लेना भी पड़े तो उसके बाद कुछ देर आंखें बंद कर रिलेक्स करें या प्रकृति का खिड़की से आनंद उठाएं।

### पौष्टिक आहार लें

विटामिन ए युक्त आहार नियमित लें। डार्क कलर के फल और सब्जियां आंखों की सेहत हेतु लाभप्रद होती हैं। पालक, ब्रोकली, गाजर, शिमला मिर्च, टमाटर को नियमित आहार का अंग बनाएं। जंक फूड का सेवन कम से कम करें। नटस में बादाम भी बहुत लाभदायक हैं। इनका सेवन भी करें। बाहर से आने पर आंखें अवश्य धोएं जब भी कहीं बाहर से आएं तो पहले हाथ धोकर आंखों पर साफ ताजा जल डालकर वाश करें ताकि बाहर की धूल मिट्टी साथ-साथ साफ हो जाए। काम करते समय भी जब आंखों में थकान हो तो आंखों पर ताजे जल के छींटे मारें। अधिक थकान होने पर रात्रि में सोते समय गुलाब जल की कुछ बूंदें डालकर सोएं। आराम मिलेगा। (स्वा.द)

# सदाबहार यौवन के लिए खाइये एंजाइमयुक्त अंकुरित अनाज

आनंद कुमार अनंत

शरीर की समस्त मेटाबालिक क्रियाओं के संचालन में किसी न किसी एंजाइम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहती है। सुबह बिस्तर से उठने से लेकर रात को सोने तक हम जितने काम करते हैं, किसी न किसी एंजाइम की मदद अवश्य लेनी पड़ती है। जब हम कोई चीज खाते हैं तो मुंह में पहुंचते ही उस पर एंजाइम की क्रिया शुरू हो जाती है। यहां जान लेना आवश्यक है कि शरीर में प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइडेऋट, विटामिन, हार्मोन इत्यादि में बदलने का काम भी हार्मोन के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता। एंजाइमों की भूमिका दवाइयों के दुष्प्रभावों को कम करने, रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, त्वचा पर दाग-धब्बों आदि को मिटाने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। शरीर के जख्म भरने के लिए भी इनकी सहायता जरूरी है।

हर एंजाइम अलग-अलग कार्य का संचालन करता है। कुछ एंजाइम शारीरिक संरचना में सहयोग देते हैं तो कुछ शरीर से जहरीले व बेकार अवशेषों को बाहर निकालने का काम करते हैं और कुछ पाचन क्रिया में सहायक साबित होते हैं।

हालांकि मानव शरीर में एंजाइमों का निर्माण प्राकृतिक तौर पर होता रहता है परन्तु इनकी मात्रा को सही सलामत बनाए रखने के लिए जरूरी है कि ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन किया जाए जो एंजाइम से भरपूर हों। इसके लिए एक बात ध्यान रखनी होगी कि एंजाइम गर्मी से बहुत जल्दी प्रभावित होते हैं, अतः भोजन पकाते समय भी प्रयुक्त हुए फल-सब्जियों के एंजाइम समाप्त हो जाते हैं इसलिए यह आवश्यक है कि जहां तक संभव हो, फल-सब्जियों को कच्चा ही खाया जाए। इससे अधिकाधिक मात्रा में एंजाइमों की प्राप्ति होती है।

वैज्ञानिकों ने बहुत पहले ही यह साबित कर दिया है कि प्रत्येक एंजाइम एक निश्चित रासायनिक या जैव-रासायनिक अभिक्रिया में भाग लेता है, ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार किसी ताले में उसकी अपनी ही चाबी लगती है।

यूं तो सभी फलों में कोई न कोई



एंजाइम पाया ही जाता है किन्तु अनन्नास में पाया जाना वाला 'ब्रोमेलेन' एंजाइम सबसे अधिक लाभदायक होता है। सेहत के लिहाज से इसकी उपयोगिता इसलिए भी जाहिर है कि यह खाना पचाने में सबसे अधिक लाभदायक होता है।

एंजाइम प्राप्त करने के लिए अंकुरित अनाज सबसे बढ़िया स्रोत होते हैं। इसके अलावा अंकुरित मूंग, गेहूं, चना भी काफी फायदेमंद बताए गए हैं। केला, आम सभी प्रकार के मेवे और कई अन्य कच्चे फल एंजाइमों के बेहतर स्रोत हैं, लेकिन यह एंजाइम हमारे शरीर में आने वाले समय के लिए इकट्ठे नहीं रह पाते, इसलिए ताजे फलों और सब्जियों का नियमित सेवन करते रहना ही श्रेयस्कर होगा। इससे शरीर की रोगों के विरूद्ध लड़ने की शक्ति बनी रहती है और सेहत भी ठीक रहती है।

प्रतिदिन के खानपान में हम ऐसी तमाम खाद्य सामग्री का सेवन करते हैं, जिसमें प्रचुर मात्रा में एंजाइम पाये जाते हैं, किन्तु जरा सी लापरवाही या अज्ञानता के चलते हम इसके पोषक तत्वों को नष्ट कर बैठते हैं तथा लाभकारी एंजाइमों को बर्बाद कर देते हैं। कुछ लोग फल या सब्जियों का जूस निकालने के बाद घंटों रखा रहने देते हैं। इससे जूस में मौजूद पोषक तत्वों व एंजाइमों का ऑक्सीकरण होता रहता है। जूस को निकालकर तुरंत पी लेने पर ही उसके सभी पोषक तत्व जूस के साथ शरीर में पहुंचते हैं।

कच्चे पपीते में एक एंजाइम पाया जाता है जिसे 'पेप्सिन' कहा जाता है। यह कई तरह से हमारे लिए स्वास्थ्यकर होता है। पपीते में चीरा लगाकर सफेद दूधिया पदार्थ को निकाल लिया जाता है और इसे सुखाकर रख लिया जाता है। पाचन संस्थान में आने वाली गड़बड़ियों के लिए यह रामबाण औषधि माना जाता है। इसका प्रयोग चर्मरोग निवारक, कृमिनाशक, पाचक तथा डिप्थीरिया निवारक औषधियों के लिए किया जाता है। कच्चे पपीते को चबाकर खाते रहने से पेट की अनेक बीमारियां दूर हो जाती हैं।

प्रतिदिन एक कटोरी अंकुरित अनाज का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त लाभदायक होता है। अंकुरित अनाजों तथा कच्चे फलों के सेवन करते रहने से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है, साथ ही सदाबहार यौवन को बनाये रखने में भी ये सहायक होते हैं।

अगर सब्जियों को पकाना ही पड़े तो उन्हें अधिक तलें नहीं और हल्की भाप में ही पकाएं। इस तरह खाद्य पदार्थों में मौजूद पोषक तत्व और एंजाइम बचे रहेंगे जो उचित पोषण तथा जैव - रासायनिक अभिक्रियाओं के लिए बहुत आवश्यक है। (स्वा.द)

# रोबोटिक्स और एआई से आंत्र सर्जरी में नई क्रांति: डॉ. आदि राकेश कुमार

कोलकाता

आंत्र (गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल) सर्जरी के क्षेत्र में रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग से स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। यह परिवर्तन किसी एक अस्पताल तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी चिकित्सा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। यशोदा हॉस्पिटल्स के सलाहकार गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, थेरेप्यूटिक एंडोस्कोपिस्ट एवं एंडोसोनोलॉजिस्ट डॉ. आदि राकेश कुमार ने बताया कि रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी ने जटिल ऑपरेशनों को अधिक सटीक, नियंत्रित और सुरक्षित बना दिया है। बेहतर दृश्यता और सूक्ष्म नियंत्रण के कारण ऊतकों को कम क्षति पहुंचती है, रक्तस्राव घटता है और ऑपरेशन के बाद जटिलताओं की आशंका कम होती है। परिणामस्वरूप मरीज तेजी से स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट पाते हैं।



उन्होंने कहा कि एआई तकनीक सर्जिकल योजना, जोखिम के पूर्वानुमान और मेडिकल इमेजिंग के विश्लेषण में क्रांतिकारी भूमिका निभा रही है। इससे प्रत्येक मरीज की स्थिति के अनुसार व्यक्तिगत उपचार योजना तैयार करना संभव हो रहा है। डॉ. कुमार के अनुसार, रोबोटिक्स और एआई का यह समन्वय भविष्य में अधिक सुरक्षित सर्जरी, कम अस्पताल प्रवास और बेहतर जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा।

## अमेजन डॉट ईन विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर हर पोषण लक्ष्य के लिए मना रहा है 'प्रोटीन सप्ताह'

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन डॉट ईन ने विश्व प्रोटीन दिवस के अवसर पर अपने 'प्रोटीन सप्ताह' की शुरुआत करते हुए भारत में वेलनेस क्रांति को नई गति दी है, जो 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान ग्राहक देश के सबसे भरोसेमंद ब्रांड्स के व्हे प्रोटीन, प्लांट और यीस्ट-आधारित प्रोटीन, सप्लीमेंट्स, प्रोटीन बार और रेडी-टू-ड्रिंक विकल्पों में शीर्ष उत्पादों पर 45 प्रतिशत तक की बचत का लाभ उठा सकते हैं। चाहे आप प्रोफेशनल एथलीट हों या फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने वाले उत्साही व्यक्ति, अमेजन डॉट ईन ने हर तरह के फिटनेस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विशेष चयन तैयार किया है। वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध व्हे आइसोलेट्स और ऑप्टिमम न्यूट्रिशन गोल्ड स्टैंडर्ड व्हे प्रोटीन जैसे लोकप्रिय ब्लेंड्स से लेकर विशेष रूप से तैयार मास गेनर्स तक, ग्राहक अपने हर फिटनेस लक्ष्य के अनुसार उत्पादों की विस्तृत रेंज खोज सकते हैं। चाहे आपकी पसंद अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स जैसे आइयोप्योर और डाइमैटाइज़ हों या घरेलू ब्रांड्स जैसे मसलब्लेज़ और न्यूट्राबे, अमेजन आपके लिए दोनों दुनियाओं के बेहतरीन विकल्प एक ही जगह उपलब्ध कराता है।

## प्रोटीन डे : कोलकाता में बदल रहा है खानपान का अंदाज, अब स्वाद के साथ पोषण पर भी बढ़ा जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अब शहर की सोच में एक बड़ा बदलाव दिख रहा है। परिवारों और खासकर युवाओं के बीच अब सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि प्रोटीन के महत्व को लेकर भी जागरूकता बढ़ रही है। कोलकाता अपने पारंपरिक जायके से जुड़े रहते हुए अब सेहत और पोषण के प्रति अधिक सजग हो रहा है। प्रोटीन को लेकर बढ़ती यह जागरूकता देशव्यापी रुझानों में भी झलक रही है। जैसे-जैसे प्रोटीन का महत्व समझ में आ रहा है, चिकन कोलकाता के घरों में एक भरोसेमंद और आसानी से उपलब्ध विकल्प बना हुआ है। रोजमर्रा के भोजन में इसकी मौजूदगी न केवल शहर की खानपान संस्कृति को दर्शाती है, बल्कि बदलती प्राथमिकताओं का भी संकेत देती है। यह स्पष्ट है कि कोलकाता अपनी समृद्ध विरासत को सहेजते हुए अब बेहतर पोषण की ओर कदम बढ़ा रहा है। इस अवसर पर अनुश्री दीवान, हेड ऑफ मार्केटिंग एंड इनोवेशन, गोदरेज फूड्स लिमिटेड ने कहा कि हम पैक्ड और हाइजीनिक चिकन की मांग में साल-दर-साल मजबूत बढ़ोत्तरी देख रहे हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि भारतीय उपभोक्ता अब अपने दैनिक आहार में प्रोटीन की गुणवत्ता को लेकर अधिक जागरूक हैं। आज के परिवार ऐसे सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले विकल्प चाहते हैं, जो स्वाद से समझौता किए बिना पोषण प्रदान करें।

# अनुपम औषधि है मूली

अनिल कुमार

आजकल ज्यादातर लोग अस्पतालों तथा अंग्रेजी दवाइयों में इतने खो गये हैं कि उन्हें अपने आसपास उपलब्ध होने वाली उन शाक-सब्जियों की तरफ ध्यान देने का समय ही नहीं मिलता जो बिना किसी हानि के हमारी अनेक बीमारियों को निर्मूल करने में सक्षम हैं। इन्हीं में से एक है मूली।

मूली के सेवन से आंतों की गति तेज होती है तथा शरीर की गंदगी बाहर निकलती है। यह शरीर में स्फूर्ति, शक्ति और गर्मी पैदा करती है तथा शरीर को संक्रामक रोगों से बचाती है। मूली के बीज भी बहुत लाभदायक होते हैं। मूली के बीज पौष्टिक, दस्तावर, गैस निकालने वाले और मासिक धर्म को नियंत्रित करते हैं।

मूली के पत्तों का साग तथा सलाद खाने से पुराने से पुराना कब्ज, पीलिया, रक्तहीनता आदि रोग दूर होते हैं। मूली में पोटेशियम प्रचुर मात्रा में होने के कारण इसका प्रभाव बहुमूत्र तथा गुर्दे, हृदय, रक्तवाहिनियों के लिए अति उपयोगी होता है। भोजन के साथ या भोजन के बाद मूली खाना विशेष रूप से लाभदायक है। मूली और इसके पत्ते भोजन को ठीक प्रचार से पचाने में सहायता करते हैं। वैसे तो मूली के पराठे, तरकारी, अचार तथा भुजिया जैसे अनेक स्वादिष्ट व्यंजन बनते हैं लेकिन सबसे अधिक लाभकारी होती है कच्ची मूली। भोजन के साथ प्रतिदिन एक मूली खा लेने से व्यक्ति अनेक बीमारियों से मुक्त रह सकता है।

मूली स्वादिष्ट और पौष्टिक गुणों से भरपूर होती है। मूली में जीवनरक्षक पोषक तत्व कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन ए, सी एवं बी काम्पलेक्स समूह के विटामिन जैसे थायमिन राइबोफ्लेविन तथा नायसिन आदि उचित मात्रा में पाये जाते हैं। मूली में खनिज लवण, कैल्शियम फास्फोरस तथा लौह तत्व आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

कंद के साथ मूली की पत्तियां भी बहुत उपयोगी होती हैं। सामान्यतः हम मूली को खाकर उसके पत्तों को फेंक देते हैं जोकि स्वास्थ्य की दृष्टि से गलत है क्योंकि मूली की पत्तियों में भी विटामिन ए, सी एवं बी काम्पलेक्स समूह के विटामिन जैसे थायमीन राइबोफ्लेविन तथा नायसिन आदि एवं खनिज लवण कैल्शियम, फास्फोरस तथा लौह तत्व आदि प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। अतः मूली के साथ इसके पत्तों का सेवन भी किया जाना चाहिए। मूली में क्षार तत्व सोडियम तथा क्लोरीन पाए जाते हैं। क्षार तत्व सोडियम गलाने का कार्य करते हैं तथा क्लोरीन सफाई करती है। मूली शरीर से विषैली गैस कार्बन डाई आक्साइड को निकालकर जीवनदायी आक्सीजन प्रदान करती है। मूली हमारे दांतों को मजबूत करती है तथा हड्डियों को शक्ति प्रदान करती है। इससे व्यक्ति की थकान मिटती है और अच्छी नींद आती है। मूली खाने से पेट के कीड़े नष्ट होते हैं। यह उच्च रक्तचाप को नियंत्रित तथा बबासीर और हृदय रोग को शांत करती है।

### प्रस्तुत हैं मूली के औषधीय गुणों पर एक नजर:



■ नियमित रूप से मूली का सेवन करने से पाचन शक्ति ठीक रहती है, भूख में वृद्धि होती है व रंग साफ होता है।

■ प्रातः मूली का प्रयोग रामबाण दवा का काम करता है। दिन में खाने से पाचन शक्ति बढ़ती है।

■ मूली के रस में समान मात्रा में अनार का रस मिलाकर पीने से रक्त में हीमोग्लोबिन बढ़ता है और रक्त की कमी (अनीमिया रोग) दूर होती है।

■ मासिक धर्म के रूकने पर मूली के बीजों का चूर्ण तीन-तीन ग्राम की मात्रा में दिन में तीन बार लेने से फायदा होता है।

■ गैस व पीलिया के रोगियों को मूली तथा मूली के पत्ते नियमित खाने से लाभ होता है।

■ मधुमेह, दमा, अनीमिया की कमी, पथरी, मुंहासे, दंत रोग व चर्म रोगों में मूली का सेवन फायदेमंद रहता है। प्रातः काल खाली पेट मूली खाना सर्वाधिक लाभकारी रहता है।

■ गठिया की समस्या से परेशान रोगियों को मूली, पत्तागोभी व अदरक का मिश्रित रस पीना चाहिए। इससे काफी फायदा होता है।

■ इसके रस में थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर नियमित रूप से पीने से मोटापा कम होता है और शरीर सुडौल बना रहता है।

■ बार-बार हिचकी आने पर मूली के चार पांच कोमल पत्ते चबा चबा कर खाने से लाभ होता है।

■ एक कप मूली के रस में एक चम्मच नींबू का रस व एक चम्मच अदरक का रस मिलाकर प्रतिदिन पीने से पेट की बीमारियां जैसे - कब्ज, अग्निमांध, अफारा और खाने में अरूचि का भाव दूर हो होता है।

■ मूली के बीजों को उसके पत्तों के रस के साथ पीसकर लेप करने में दाद, खाज, खुजी तथा सभी प्रकार के चर्म रोगों में फायदा होता है।

■ अजवायन को 20-25 ग्राम मूली का रस के साथ चार-चार घंटे बाद दो से तीन माह तक नित्य पीने से पथरी चूर-चूर होकर पेशाब के साथ बाहर आ जाती है।

■ पेशाब करते समय यदि जलन होती हो तो मूली का रस 15 दिनों तक नियमित रूप से पीने पर पेशाब की जलन और तकलीफ में राहत मिलती है।

■ रोजाना दोपहर में भोजन के साथ कच्ची मूली के सलाद में काली मिर्च चूर्ण मिलाकर सेवन करने से रंग साफ, बाल लंबे होते हैं तथा बालों से संबंधित समस्याएं भी दूर होती हैं।

■ सांवली रंगत को निखारने और चेहरे की झुर्रियां दूर करने के लिए मूली के रस में थोड़ा सा नमक मिलाकर ■ चेहरे, गर्दन, हाथ व पैरों पर लगाना चाहिए तथा सूखने पर धो लेना चाहिए।

■ जिन लोगों को हमेशा कब्ज की शिकायत रहती है उन लोगों को प्रतिदिन मूली की सब्जी खाने से लाभ होता है।

पानी में मूली का रस मिलाकर सिर धोने से जुंएं नष्ट होती है।

### सावधानियां

■ रात में मूली का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे जोड़ों में दर्द की शिकायत होती है।

■ मूली खाने के साथ दूध, दही, खीर जैसी वस्तुएं कभी नहीं खानी चाहिए।

■ जहां तक संभव हो, कच्ची मूली का ही अधिक सेवन करना चाहिए।

■ हरी मूली को कभी खाने में इस्तेमाल नहीं करना चाहिए क्योंकि इसमें सोलेनिन नामक टाक्सिन की मात्रा अधिक होती है जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। यह पेट व दूसरी नसों पर बुरा असर छोड़ता है।

■ मूली को अधिक पानी में नहीं उबालना चाहिए क्योंकि अधिक पानी में उबालने से मूली के विटामिन आधे से ज्यादा खत्म हो जाते हैं। (स्वा. द.)

### बीएमसी ने 2026-27 के लिए 80,952.56 करोड़ रुपये का बजट पेश किया

**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 80,952.56 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय का प्रस्ताव रखा, जो 2025-26 के मुकाबले 8.77 प्रतिशत अधिक है। बीएमसी के आयुक्त भूषण गगरानी ने बजट पेश किया, जिसमें पूंजीगत व्यय के लिए 48,164.28 करोड़ रुपये तय किए गए हैं। यह राशि 2025-26 के मुकाबले 11.59 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजस्व व्यय 32,698.44 करोड़ रुपये प्रस्तावित है, जो 2025-26 के 28,257.91 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से लगभग 15.71 प्रतिशत अधिक है। बजट में अनुमानित राजस्व आय 51,510.94 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर 19.35 प्रतिशत अधिक है। संपत्ति कर राजस्व, जो बीएमसी की आय के प्रमुख स्रोतों में एक है, 2026-27 के लिए 7,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो 2025-26 में 6,200 करोड़ रुपये था।

### भारत में अवैध रूप से रहने के लिए श्रीलंका के नागरिक को एक साल कठोर कारावास की सजा

**ठाणे :** ठाणे की एक अदालत ने भारत में अवैध रूप से रहने के जुर्म में श्रीलंका के 36 वर्षीय एक नागरिक को एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वसुधा एल भोसले ने 20 फरवरी को पारित आदेश में कहा कि सजा पूरी होने के बाद दोषी को श्रीलंका प्रत्यर्पित कर दिया जाए। दोषी की पहचान अरुमहद्दी जनिथ मदुसांघा डिसिल्वा उर्फ पोडी लेसी के रूप में हुई है। अदालत ने विदेशी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोपी को दोषी ठहराया, लेकिन पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए धोखाधड़ी और जालसाजी सहित कई अन्य आरोपों से बरी कर दिया। लेसी को अदालत ने एक साल, एक महीने और छह दिन के कठोर कारावास की सजा सुनाई जो कि जनवरी 2025 में उसकी गिरफ्तारी के बाद से हिरासत में बिताया गया ठीक उतना ही समय है।

### भारत में एचआईवी के सबसे अधिक मामले हैं मेघालय में: स्वास्थ्य मंत्री

**शिलांग :** मेघालय के स्वास्थ्य मंत्री डब्ल्यू शिला ने बुधवार को कहा कि भारत में एचआईवी के सबसे अधिक मामले मेघालय में हैं, जहां 10,000 से अधिक मरीज उपचाराधीन हैं। शिला ने कहा कि राज्य इस स्थिति से निपटने के लिए 25 करोड़ रुपये की पांच वर्षीय हस्तक्षेप योजना को मंजूर कर चुका है। मंत्री ने विधानसभा में कहा कि वर्तमान में राज्य में एचआईवी से पीड़ित 10,293 लोगों को 'एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी' (एआरटी) मिल रही है। एनपीपी विधायक मेहताब चंदी ए संगमा के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने एचआईवी/एड्स के मामलों में 'खतरनाक वृद्धि' से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में मिशन-मोड कार्यक्रम के लिए 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में इस बीमारी से 749 मरीजों की मौत हो गयी है, जिनमें से पूर्वी खासी हिल्स में 435, पश्चिमी जयंतिया हिल्स (123) और पूर्वी जयंतिया हिल्स (90) में जानें गयीं।

### रोहित शेट्टी के घर पर गोलीबारी मामला: शूटर और छह अन्य की पुलिस हिरासत 4 मार्च तक बढ़ायी गई

**मुंबई :** फिल्मकार रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई गोलीबारी मामले के संदिग्ध मुख्य शूटर और छह अन्य व्यक्तियों की पुलिस हिरासत एक विशेष अदालत ने बुधवार को चार मार्च तक बढ़ा दी, क्योंकि अपराध के कुछ पहलुओं की व्यापक जांच की आवश्यकता है। पुलिस ने यह कहते हुए आरोपियों की और दस दिन की हिरासत मांगी कि हथियारों से संबंधित कुछ बरामदगी अभी बाकी है। उसने कहा कि आरोपियों द्वारा टोह लेने के संबंध में भी आगे की जांच आवश्यक है। अदालत के संज्ञान में यह भी लाया गया कि मामले में शस्त्र अधिनियम की अतिरिक्त धाराएं जोड़ी गई हैं। शूटर दीपक शर्मा समेत आरोपियों को 14 फरवरी को हरियाणा और उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया था।

# औषधीय पौधे मिट्टी के स्वास्थ्य और किसानों के लिए फायदेमंद: राष्ट्रपति मुर्मू

**बुलढाणा (महाराष्ट्र) :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करती है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य और संरक्षण में भी योगदान देती है। महाराष्ट्र के बुलढाणा स्थित शेगांव में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 के उद्घाटन के बाद मुर्मू ने यह भी कहा कि औषधीय पौधों का ''मूल्यवान भंडार'' न केवल दवाओं के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराता है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन के लिए भी आवश्यक है। आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) ने अखिल भारतीय आयुर्वेदिक महासम्मेलन के सहयोग से 25 से 28 फरवरी के बीच यहां राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि वह आयुर्वेद को बढ़ावा देती हैं और आयुर्वेदिक जीवनशैली को अपनाया है। उन्होंने बताया कि उनका जन्म और पालन-पोषण प्रकृति की गोद




में हुआ है। मुर्मू ने कहा, ''कहा जाता है कि प्रकृति शरीर की सभी जरूरतों का ख्याल रखती है। लेकिन समय बदल गया है और आज हमें दवाओं के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि जंगल लुप्त होते जा रहे हैं। जंगलों को जलाया जा रहा है और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां एवं औषधीय पौधे भी खत्म हो रहे हैं। इसलिए, आज मुझे लगता है कि न केवल सरकार बल्कि सभी को इस बारे में सोचना चाहिए और बेहतर स्वास्थ्य के लिए औषधीय पौधों उगाने की दिशा में काम करना चाहिए।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद शोधकर्ताओं को भी औषधीय पौधे प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने सरकार पर निर्भरता के बिना औषधीय पौधों की खेती की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने कहा, ''भारतीय परंपरा कहती है 'आरोग्यम परम सुखम', जिसका अर्थ है कि समग्र स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा सुख है। स्वस्थ नागरिक देश को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'' उन्होंने कहा कि देशवासियों को स्वस्थ रखने में आयुष चिकित्सा पद्धतियों ने अमूल्य योगदान दिया है तथा योग, आयुर्वेद और सिद्ध जैसी चिकित्सा पद्धतियां उस समय से लोगों के काम आ रही हैं जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति का प्रचलन नहीं था। राष्ट्रपति ने कहा, ''हमारे खेतों, रसोई घरों और जंगलों में औषधीय पौधों और स्वास्थ्यवर्धक जड़ी-बूटियों का बहुमूल्य भंडार मौजूद है। इस बहुमूल्य संपदा का संरक्षण और संवर्धन औषधियों के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करती है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य और संरक्षण में भी योगदान देती है। इसलिए, आयुष पद्धतियों को बढ़ावा देने से न केवल लोगों का शारीरिक और आर्थिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलता है।''

### छत्तीसगढ़ के कांकेर में माओवादी नेता समेत दो माओवादियों ने हिंसा छोड़ आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया

**कांकेर (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के कांकेर ज़िले में एक माओवादी नेता समेत दो माओवादियों ने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि पिछले दिनों माओवादियों की 'डिविजनल कमेटी' के सदस्य मल्लेश तथा पार्टी सदस्य रानू पोडियाम ने कांकेर पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) से संपर्क किया एवं आत्मसमर्पण करने के लिए पहुंचे। राखेचा ने बताया कि मल्लेश और पोडियाम द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, इलाके में सक्रिय अन्य माओवादी कैडरों से संपर्क स्थापित कर उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मल्लेश और पोडियाम के सामाजिक मुख्यधारा में लौटने तथा हथियारों के औपचारिक रूप से सुपुर्दगी की कार्रवाई प्रक्रिया पूरी होने के बाद की जाएगी।

## एआई समिट प्रोटेस्ट: कांग्रेस वर्कर्स को पकड़ने पहुंची दिल्ली पुलिस, हिमाचल पुलिस ने 15 जवानों को ही हिरासत में लिया



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के भारत मंडम में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए 'शर्टलेस प्रोटेस्ट' के मामले में कार्रवाई तेज हो गई है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले से तीन और कांग्रेस वर्कर को हिरासत में लिया है. इसके साथ ही इस मामले में कुल गिरफ्तारियों की संख्या 11 हो गई है. पुलिस के मुताबिक, सौरभ, सिद्धार्थ और अरबाज को शिमला जिले के रोहड़ू सबडिविजन के एक होटल से पकड़ा गया. तीनों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली लाने हेतु ट्रांजिट रिमांड दे दिया गया. हालांकि, घटनाक्रम ने नाटकीय मोड़ ले लिया. हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम को उस वक्त रोक दिया, जब वे आरोपियों को राष्ट्रीय राजधानी ले जा रहे थे. दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस को पहले से दो गाड़ियों को शिमला में रोका गया, जबकि तीसरी को सोलन जिले के धरमपुर के पास रोका गया. सूत्रों का दावा है कि पुलिसकर्मियों समेत करीब 15 से20 लोगों को . हिरासत में लिया गया. हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर दिल्ली पुलिस की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई.

## प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों को हटाने संबंधी विधेयकों पर विपक्ष शासित राज्यों से विचार मांगेगी समिति

**नयी दिल्ली :** भ्रष्टाचार के मामलों में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान वाले विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति कर्नाटक और तेलंगाना जैसे विपक्ष शासित राज्यों से उनके विचार मांगेगी। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी की अध्यक्षता वाली समिति ने बुधवार को मध्य प्रदेश के विचारों को सुना, जिसने 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025' का पूरी तरह से समर्थन किया। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया और उन्होंने समिति के समक्ष कहा कि राज्य विधेयक के प्रावधानों से ''पूरी तरह सहमत'' है। 'पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च' और 'इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट' के प्रतिनिधि भी संसदीय समिति के सामने पेश हुए और समझा जाता है कि उन्होंने समिति को कुछ सुझाव दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि समिति ने दो कानूनी अनुसंधान संगठनों के विचारों को सुना, जिन्होंने कहा कि वे प्रस्तावित कानून के प्रावधानों से पूरी तरह सहमत नहीं हैं और संशोधन का सुझाव दिया। हालांकि, उन्होंने समिति से कहा कि विधेयकों को लेकर भारत सरकार की मंशा सवालों के घेरे में नहीं है। सूत्रों ने कहा कि समिति के सदस्य विपक्ष शासित राज्यों के विचार जानने के लिए सर्वसम्मति से सहमत हुए और कर्नाटक एवं तेलंगाना को बुलाने पर सहमत हुए।

### 'द केरल स्टोरी 2' के खिलाफ दायर याचिकाएं विचारणीय नहीं हैं: निर्माता ने केरल उच्च न्यायालय से कहा

**कोच्चि :** 'द केरल स्टोरी 2 – गोज़ बियॉन्ड' के निर्माता ने केरल उच्च न्यायालय को बताया है कि फिल्म की रिलीज का विरोध करने संबंधी याचिकाएं ''समय से पहले दायर की गईं, गलत धारणा पर आधारित हैं और विचारणीय नहीं हैं।'' फिल्म के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह ने मंगलवार को उच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में यह बात कही। न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस ने कहा कि वह अपराह्न में मामलों की विस्तृत सुनवाई करेंगे। शाह ने अपने हलफनामे में दावा किया है कि सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 के तहत गठित सेंसर बोर्ड 'सीबीएफसी' ही एकमात्र विशेषज्ञ प्राधिकरण था, जिसे फिल्मों की संपूर्ण पड़ताल करने और सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए प्रमाणित करने का अधिकार है। उन्होंने अपने हलफनामे में कहा है, ''इस न्यायालय का पर्यवेक्षी क्षेत्राधिकार किसी फिल्म की विषयवस्तु के संबंध में प्रमाणन प्राधिकारी के निर्णय के स्थान पर अपना स्वयं का मूल्यांकन थोपने तक विस्तारित नहीं होता है।'' उन्होंने फिल्म के खिलाफ दायर याचिकाओं में लगे आरोपों का भी खंडन किया है और इन्हें ''कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग'' बताया है।

## गुजरात में दो साल में गो तस्करी के 629 मामले; 1810 लोग गिरफ्तार किये गए: राज्य सरकार

**गांधीनगर :** गुजरात सरकार ने बुधवार को विधानसभा को बताया कि पिछले दो वर्षों में राज्य भर में गायों और बीफ के परिवहन से संबंधित 629 मामले दर्ज किये गए और इस संबंध में 1,810 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 1,800 गायों को बचाया गया। बजट सत्र में, प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कानून और न्याय राज्य मंत्री कौशिक वेकारिया ने कहा कि वध के लिए गायों की तस्करी में शामिल लोगों और बीफ के परिवहन में लिप्त पाये जाने वालों के खिलाफ राज्य भर में सख्त कानूनी कार्रवाई की गई है। मंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में लगभग 54,000 किलोग्राम बीफ जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी अवधि में, ऐसे अपराधों में इस्तेमाल किए गए 433 वाहन जब्त किए गए, जिनमें से 339 की नीलामी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि निवारक उपायों के तहत, 184 व्यक्तियों पर असामाजिक गतिविधियां रोकथाम (पीएएसए) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया, जबकि 50 व्यक्ति निष्कासित किये गए। वेकारिया ने बताया कि इसके अलावा, प्रवर्तन कार्रवाई के तहत आरोपियों से जुड़ी लगभग 6 करोड़ रुपये की 39 संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया।

### पूर्वोत्तर की तीन महिलाओं पर नस्ली टिप्पणी करने के आरोपी दंपति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने पूर्वोत्तर की तीन महिलाओं पर नस्ली टिप्पणी करने के आरोपी दंपति को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दंपति को बुधवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समर विशाल के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस ने दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में पूर्वोत्तर की रहने वाली अपनी तीन पड़ोसियों पर नस्ली टिप्पणी करने के आरोप में बुधवार को रूबी जैन और उसके पति हर्ष को गिरफ्तार किया था।

## नौसेना का बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' संपन्न



**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना के प्रमुख बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास 'मिलन' में मित्र देशों के 18 जहाज समेत 42 युद्धपोतों और पनडुब्बियों ने भाग लिया। यह अभ्यास बुधवार को विशाखापत्तनम तट के पास भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोत 'आईएनएस विक्रांत' पर आयोजित समारोह के साथ संपन्न हुआ। भारतीय नौसेना ने कहा, ''अभ्यास 'मिलन 2026' में अभूतपूर्व पैमाने पर भागीदारी देखी गई, जिसमें 42 जहाज और पनडुब्बियां तथा 29 विमान शामिल थे। इनमें भाग लेने वाले मित्र देशों के 18 जहाज भी शामिल थे।'' यह अभ्यास एक सप्ताह से अधिक समय तक चला। इसकी शुरुआत बंदरगाह चरण से हुई जिसमें द्विपक्षीय बैठकें और अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगोष्ठी (आईएमएस) शामिल थी।

### संसदीय सूत्रों ने कहा: न्यायाधीश को न्यायिक फैसले के लिए संसद नहीं हटा सकती

**नयी दिल्ली :** संसदीय सूत्रों ने मद्रास उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के कदम पर बुधवार को सवाल खड़े किए और कहा कि किसी न्यायाधीश को न्यायिक फैसले के लिए संसद द्वारा नहीं हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और कदाचार उच्चतम न्यायालय या किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के मानदंड हो सकते हैं। उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया को 'महाभियोग' कहा जाता है। पिछले साल दिसंबर में द्रमुक के नेतृत्व में 100 से अधिक विपक्षी सांसदों ने मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जी आर स्वामीनाथन को उनके एक फैसले के बाद हटाए जाने के लिए प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया था। उन्होंने जो फैसला सुनाया था उसमें हिंदू भक्तों को थिरुप्पारनकुंद्रम पहाड़ी के ऊपर 'दीपथून' स्तंभ पर दीपक जलाने की अनुमति दी गई थी। तमिलनाडु में द्रमुक सरकार ने तर्क दिया था कि फैसले से सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ। बाद में दो न्यायाधीयों की पीठ ने फैसले को बरकरार रखा था।

### जम्मू कश्मीर के पुंछ में सेना ने आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया, आईडी, पिस्तौल बरामद

**मेंढर/जम्मू :** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के एक सीमावर्ती गांव में आतंकवादियों के ठिकाने का पता लगाया और दो परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) तथा एक पिस्तौल सहित हथियारों का जखीरा बरामद किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी मेंढर क्षेत्र के सैलानी कसबलारी गांव में सेना और स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा चलाए गए एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान की गई। उन्होंने बताया कि एक गुफा के भीतर छिपाकर रखे गए इन सामान में दो हथगोले और पिस्तौल के 24 कारतूस भी शामिल थे। सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपने स्रोतों और पुलिस से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर, व्हाइट नाइट कोर के जवानों और एसओजी पुंछ ने मिलकर गनी वन क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया। इसमें कहा गया, अभियान के तहत विस्तृत तलाशी के दौरान मौके से एक बड़ा आईईडी (4.5 किलोग्राम), एक छोटा आईईडी (800 ग्राम), दो चीनी हथगोले, नौ एमएम की एक पिस्तौल, नौ एमएम के दो कारतूस और 7.62 एमएम के 22 कारतूस बरामद किए गए।

### आईएनएस अंजदीप 27 फरवरी को नौसेना में शामिल होगा

**चेन्नई :** भारतीय नौसेना तटीय सुरक्षा को और सुदृढ़ करने की दिशा में 27 फरवरी को चेन्नई बंदरगाह पर 'डॉल्फिन हंटर' पोत आईएनएस अंजदीप को तैनात करने जा रही है।आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यह पोत 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें निष्क्रिय करना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऐसे क्षेत्र देश की समुद्री सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी शुक्रवार को यहां आईएनएस अंजदीप के कमीशनिंग समारोह में भाग लेंगे।

### महज संबंध टूटना आत्महत्या के लिए उकसाने का पर्याप्त आधार नहीं माना जा सकता: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्च न्यायालय ने कहा है कि महज संबंध टूटने को आत्महत्या के लिए उकसाने का पर्याप्त आधार नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति मनोज जैन ने एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। उस पर अपनी पूर्व प्रेमिका को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। आरोपी की शादी दूसरी महिला से होने पर व्यक्ति की पूर्व प्रेमिका ने फंदे से लटक कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। आरोपी को जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि उकसावा इस तरह का होना चाहिए कि पीड़ित के पास आत्महत्या करने के सिवा कोई और विकल्प न बचे।अदालत ने कहा कि केवल मुकदमे की सुनवाई से ही यह तय हो सकेगा कि ''यह कठोर कदम'' उकसावे के कारण उठाया गया था या फिर ''अति संवेदनशील युवती होने के कारण।''

## दिल्ली बम धमाका: एनआईए ने दो और आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लालकिले के पास हुए विस्फोट की साजिश में कथित तौर पर शामिल दो और आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। इसके साथ ही आतंकवाद रोधी एजेंसी द्वारा इस मामले में अब तक 11 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं। एनआईए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दिल्ली बम विस्फोट से संबंधित साजिश में सक्रिय संलिप्तता के लिए दोनों आरोपियों को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है। बयान में कहा गया है कि दोनों की पहचान गांदरबल के जमीर अहमद अहंगर और श्रीनगर के तुफैल अहमद भट के रूप में हुई है। एनआईए की जांच में पता चला है कि उन्होंने इस मामले के मुख्य आरोपी को हथियार मुहैया कराए थे। पिछले साल 10 नवंबर को राजधानी दिल्ली में हुए भीषण विस्फोट में ग्यारह लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। इस विस्फोट में मुख्य आरोपी उमर उन नबी भी मारा गया था। एनआईए इस जघन्य आतंकी कृत्य के पीछे की पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए मामले की जांच कर रही है। उसने पाया कि जमीर और तुफैल अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीएच) आतंकी संगठन के सक्रिय ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) थे। बयान में कहा गया है कि एनआईए जम्मू कश्मीर पुलिस, हरियाणा पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय में काम कर रही है। बयान में कहा गया है कि उसकी जांच में

## राहुल गांधी नकारात्मक राजनीति के 'पोस्टर ब्वॉय' बन गए हैं: पीयूष गोयल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी देश के हितों से ''समझौता करती'' रही है और भारत विरोधी ताकतों के इशारे पर देश की प्रगति को अस्थिर करने के लिए ''झूठ'' फैला रही है। गोयल ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गांधी और कांग्रेस देश की अर्थव्यवस्था और उसकी प्रगति को ''कमजोर करने, नुकसान पहुंचाने और अस्थिर करने'' के लिए ''ओछी राजनीति'' कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा, ''वह भारत-विरोधी ताकतों, भारत-विरोधी संगठनों और भारत-विरोधी सरकारों की कठपुतली के




सिवा कुछ नहीं है। गांधी परिवार पूरी तरह से 'कम्प्रोमाइज्ड' (समझौता कर चुका) परिवार है और कांग्रेस एक 'कम्प्रोमाइज्ड' राजनीतिक दल है।'' उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी नकारात्मक राजनीति के पोस्टर ब्वॉय बन गए हैं।'' भाजपा का यह आरोप कांग्रेस द्वारा भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार पर हमला करने और इसे राष्ट्रीय हित का ''पूर्ण आत्मसमर्पण'' और विश्वासघात'' करार देने की पृष्ठभूमि में आया है।

# उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर पहुंचे

**श्रीनगर :** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन कश्मीर घाटी की अपनी पहली यात्रा पर बुधवार शाम श्रीनगर पहुंचे और इस दौरान वह कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उपराष्ट्रपति के शाम करीब पांच बजे हवाई अड्डे पर पहुंचने पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति का काफिला यहां लोक भवन पहुंचा, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे। राधाकृष्णन बृहस्पतिवार को यहां कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे और पदभार संभालने के बाद कश्मीर की अपनी पहली यात्रा में सभा को



संबोधित करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि उपराष्ट्रपति की यात्रा के लिए यहां शहर के हजरतबल इलाके में विश्वविद्यालय परिसर सहित एक व्यापक बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आतंकवादी खतरों से निपटने के लिए कड़ी सतर्कता बरतते हुए, संवेदनशील स्थानों पर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पूरी घाटी में जांच और निगरानी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदुओं पर अतिरिक्त जांच चौकियां स्थापित की गई हैं, खासकर शहर के आसपास और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अहम सड़कों पर गश्त बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि शहर के प्रवेश और निकास बिंदुओं पर, खासकर विश्वविद्यालय की ओर जाने वाली सड़कों पर वाहनों की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने दीक्षांत समारोह स्थल अर्थात कश्मीर विश्वविद्यालय को जोड़ने वाली कई सड़कों पर यातायात परिवर्तन करने संबंधी एक सार्वजनिक सलाह जारी की है। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने बुधवार को उपराष्ट्रपति की कश्मीर यात्रा का स्वागत किया।

### सूरत में दम्पति और बेटी घर में मृत मिले, सुसाइड नोट बरामद

**सूरत :** शहर के वेसु इलाके में एक दंपति ने अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। दंपति की दूसरी बच्ची को बचा लिया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। वेसु पुलिस थाने के निरीक्षक जे सी जादव ने बताया कि बिहार निवासी बालमुकुंद, उनकी पत्नी प्रियंका और उनकी बड़ी बेटी की मंगलवार को घर में कथित तौर पर विषैला पदार्थ खाने से मौत हो गई। जादव ने बताया कि दंपति की सात वर्षीय छोटी बेटी बच गई। बालमुकुंद एक शेयर कारोबारी थे और घर से काम करते थे। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है, जिसमें वैभव रुंगटा नामक व्यक्ति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है।

## उच्चतम न्यायालय का फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर प्रतिबंध लगाने से इनकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने आने वाली फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर बुधवार को प्रतिबंध लगाने या उसके नाम में बदलाव करने के अनुरोध वाली याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया कि यह नाम यादव समुदाय को किसी भी तरह से अपमानजनक तरीके से चित्रित नहीं करता है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने संगठन 'विश्व यादव परिषद' के प्रमुख द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री का अध्ययन किया और पाया कि मुख्य शिकायत यह थी कि फिल्म का नाम समाज में यादव समुदाय को गलत तरीके से दर्शाता है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, ''इसलिए, यह दलील दी जा रही है कि फिल्म का नाम बदला जाना चाहिए। हम यह समझने में असमर्थ हैं कि फिल्म का शीर्षक किस प्रकार समुदाय को अपमानजनक रूप में चित्रित कर सकता है। फिल्म के शीर्षक में कहीं भी ऐसा कोई विशेषण या शब्द नहीं है जो यादव समुदाय को गलत तरीके से दर्शाता हो।'' पीठ ने इन आशंकाओं को ''पूरी तरह निराधार'' करार दिया और 'घूसखोर पंडत' से संबंधित ऐसे ही मामले में अपने पूर्व के आदेश की व्याख्या की जिसमें न्यायालय ने निर्माता को उस फिल्म का शीर्षक बदलने का निर्देश दिया था। आदेश में कहा गया है, '''घूसखोर' शब्द का अर्थ भ्रष्ट होता है। इसलिए यह शीर्षक समुदाय को नकारात्मक अर्थ में दर्शा रहा था। वर्तमान मामले में यादव समुदाय के साथ ऐसा कोई नकारात्मक अर्थ नहीं जुड़ा है। संविधान के अनुच्छेद 19(2) (भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध) के तहत कोई भी उचित प्रतिबंध लागू नहीं होता है। यह नाम किसी भी तरह से यादव समुदाय को गलत या नकारात्मक रूप में चित्रित नहीं करता है। इसलिए रिट याचिका खारिज की जाती है।''

## जिम्बाब्वे के खिलाफ 'करो या मरो' के मुकाबले में भारत के शीर्षक्रम को करना होगा बेहतर प्रदर्शन



**चेन्नई:** शीर्षक्रम की नाकामी और पिछली हार के बाद भारी दबाव से जूझ रही गत चैम्पियन भारतीय टीम को 'जाइंट किलर' जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के 'करो या मरो' के मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से हार के बाद भारत का नेट रनरेट (माइनस 3.80) खराब हो गया है जिससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाये रखने के लिये यह मुकाबला हर हालत में बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके लिये पारी की शुरूआत और तीसरे नंबर की समस्या से पार पाना होगा। विश्व कप से पहले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन शानदार फॉर्म में थे जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया था। लेकिन पेट के संक्रमण के बाद से अभिषेक की लय खो गई है। सपाट पिचों पर आफ स्पिनरों के सामने वह अपने पसंदीदा शॉट नहीं खेल पा रहे हैं जिसका भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह 15 रन ही बना सके हैं जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। सवाल यह है कि आक्रामक बल्लेबाजी की स्वाभाविक शैली को तिलांजलि देकर क्या वह कुछ रन बना सकेंगे। अभिषेक की शैली में ही खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने अपने खेल में बदलाव किया और पाल्लेकेल में पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाया। उनकी पारी देखकर ही शायद अभिषेक को ऐसा कुछ करने की प्रेरणा मिले। ब्रूक कभी भी स्पिनरों के सामने सहज नहीं रहे लेकिन उन्होंने पाकिस्तानी स्पिन आक्रमण की बखिया उधेड़ दी। उन्होंने रक्षात्मक और आक्रामक बल्लेबाजी का अच्छा तालमेल पेश किया। तिलक वर्मा को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। अभिषेक के खराब फॉर्म के कारण तिलक को ईशान का बखूबी साथ देना चाहिये था लेकिन ऐसा हुआ नहीं। ईशान 193 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिल पा रहा। सूर्यकुमार यादव ने 180 रन बनाये हैं लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 127 रहा है जो उनके टी20 कैरियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है जिससे ईशान पर काफी दबाव बन गया है। शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या निचले क्रम पर आक्रामक पारियां नहीं खेलते तो कुछ मैचों में तो भारत का स्कोर सम्मानजनक भी नहीं रहता। बायें हाथ के तीन बल्लेबाजों ईशान, अभिषेक और तिलक के सामने विरोधी टीमों ने पावरप्ले में आफ स्पिनरों का उपयोग किया है। शीर्ष तीन में दाहिने हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन को शामिल करने की संभावना है हालांकि वह खुद बहुत अच्छे फॉर्म में नहीं हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन सूर्यकुमार को तीसरे और तिलक को चौथे नंबर पर उतार सकता है। वैसे चेपॉक की पिच से उन्हें काफी मदद मिल सकती है। जिम्बाब्वे के पास उतना खतरनाक स्पिन आक्रमण भी नहीं है जिसका अभी तक भारत ने सामना किया है। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी , रिचर्ड एनगारावा और ब्राड इवांस से कड़ी चुनौती मिल सकती है। गेंदबाजी में भारत को चिंता करने की जरूरत नहीं है लेकिन पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट 20 रन पर चटकाने के बाद उसे सात विकेट पर 187 रन बनाने का मौका दे दिया जिस पर विचार करना होगा।

# दक्षिण अफ्रीका की रफ्तार बनाम कैरेबियाई तूफान, सुपर आठ में महा टक्कर आज



**अहमदाबाद:** टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में बृहस्पतिवार को वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच रोमांचक मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें अब तक शानदार फॉर्म में रही हैं और सेमीफाइनल की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी। दक्षिण अफ्रीका ने पिछले मैच में खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय क्रिकेट टीम को 76 रन से हराकर अपने इरादे जता दिए थे। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, मार्को यानसेन और स्पिनर केशव महाराज ने मिलकर भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। वहीं लुंगी एनगिडि ने भी सधी हुई गेंदबाजी से अहम योगदान दिया। दूसरी ओर वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 107 रन से हराकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए हैं। टीम के पास शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल जैसे विस्फोटक बल्लेबाज हैं, जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं। मध्यक्रम में अनुभव और ताकत का अच्छा संतुलन टीम की मजबूती है। मुकाबले में व्यक्तिगत भिड़ंत भी दिलचस्प रहेगी-हेटमायर बनाम रबाडा और पॉवेल बनाम महाराज की टक्कर परिणाम तय कर सकती है। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेविड मिलर की भूमिका अहम होगी, जिन्होंने पिछले मैच में संकटमोचक की भूमिका निभाई थी। दिन में खेले जाने वाले इस मैच में ओस का असर नहीं रहेगा, जिससे स्पिनरों को मदद मिलने की संभावना है। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम के हालात से परिचित दक्षिण अफ्रीका को परिस्थितियों का लाभ मिल सकता है। यह मुकाबला सेमीफाइनल की राह तय करने में निर्णायक साबित हो सकता है।

### हर भारतीय करेगा दक्षिण अफ्रीका की जीत की दुआ

वेस्टइंडीज बनाम दक्षिण अफ्रीका मैच के परिणाम का भारतीय टीम पर क्या असर पड़ेगा. यह समझने के लिए आपको पहले पॉइंट्स टेबल का पूरा हाल जानना होगा. वेस्टइंडीज के अभी 2 अंक हैं, लेकिन उसका नेट रन-रेट +5.350 का है, जो बहुत ज्यादा है. दक्षिण अफ्रीका के भी 2 ही अंक हैं और उसका नेट रन-रेट +3.800 का है. यह भी भारत से बहुत ज्यादा है. अब आ जाते हैं कि भारतीय फैंस दक्षिण अफ्रीका को क्यों सपोर्ट करेंगे. चूंकि वेस्टइंडीज की तुलना में दक्षिण अफ्रीका के जीतने पर टीम इंडिया के सेमीफाइनल में जाने की उम्मीद अधिक होगी. आज दक्षिण अफ्रीका जीतता है और उसके बाद भारत को जिम्बाब्वे पर जीत मिलती है तो अफ्रीका सेमीफाइनल में प्रवेश कर जाएगा. ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के 4, वेस्टइंडीज और भारत के दो-दो अंक और जिम्बाब्वे के 0 अंक होंगे. इस तरह दूसरे सेमीफाइनल स्लॉट का फैसला सीधे तौर पर भारत बनाम वेस्टइंडीज मैच पर निर्भर करेगा

## विश्वकप से बाहर हुआ मेजबान श्रीलंका, न्यूजीलैंड ग्रुप-2 में दूसरे स्थान पर

**कोलंबो :** मिचेल सैंटनर और कोल मैककोन्की की अर्धशतकीय साझेदारी के बाद रचिन रवींद्र की शानदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबान श्रीलंका टीम को 61 रन से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका का सफर टूर्नामेंट में समाप्त हो गया। अब टीम अपना आखिरी मुकाबला पाकिस्तान से खेलेगी। बुधवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में सात विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर सिर्फ 107 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। सुपर-8 मुकाबले में जीत के साथ न्यूजीलैंड ग्रुप-2 की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। उसके खाते में 3 अंक और नेट रन रेट +3.050 हो गया। वहीं, इंग्लैंड चार अंक लेकर



शीर्ष पर है। अब न्यूजीलैंड को सुपर-8 में अपना आखिरी मुकाबला इंग्लैंड से शुक्रवार को खेलना है। श्रीलंका की टीम लगातार दो मैचों में शिकस्त झेलने के बाद आखिरी पायदान पर पहुंच गई। वहीं, पाकिस्तान फिलहाल एक अंक और -0.461 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। सलमान आगा की टीम को अपना आखिरी मुकाबला 28 फरवरी को खेलना है। पाकिस्तान अगर यह मैच जीत भी लेता है तो हद से हद तीन अंक हासिल कर पाएगा, लेकिन नेट रन रेट में न्यूजीलैंड उससे बाजी मार लेगा और सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगा।

### भारतीय बधिर टीम ने पहला एडीसीए टी20 अंतरराष्ट्रीय एशिया कप जीता

**कटक:** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने बुधवार को यहां श्रीलंका को छह विकेट से हराकर पहला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय टीम ने इससे पहले प्रतियोगिता के पहले मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराया था और फिर नेपाल पर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी। श्रीलंका ने टूर्नामेंट के तीसरे मैच नेपाल के खिलाफ छह विकेट से हराया था। श्रीलंका ने फिर उलट मुकाबले में नेपाल को 157 रन से हराया जबकि इस द्वीपीय देश ने भारत को एक रन से करीबी जीत के लिए कड़ी मेहनत करवाई। भारत ने अपने अगले मैच में नेपाल को नौ विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। फाइनल में साई आकाश को 14 गेंद में 27 रन बनाने के साथ दो विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

## नाराज प्रशंसकों ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा के परिवार को धमकी भरे संदेश भेजे

**लाहौर:** पाकिस्तान की टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड से हार से निराश क्रिकेट प्रशंसकों ने कप्तान सलमान आगा के परिवार को धमकी भरे संदेश पोस्ट किए हैं। सलमान की पत्नी साबे ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि उन्हें या उनके बेटे को गाली देने और धमकी देने से पाकिस्तान टी20 विश्व कप नहीं जीत पाएगा। पाकिस्तान मंगलवार को श्रीलंका के पाल्लेकल में खेले गए मैच में दो विकेट से हार गया था जिसके बाद प्रशंसकों ने टीम के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने प्रशंसकों के इस तरह के व्यवहार की कड़ी निंदा की है। पूर्व कप्तान मोइन खान ने



1999 विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान की हार के दौरान इसी तरह के अनुभवों को याद किया। उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल अस्वीकार्य है और साइबर अपराध विभाग को इन धमकी भरे पोस्ट की जांच करके दोषियों को दंडित करना चाहिए।' पाकिस्तानी क्रिकेट प्रशंसक अक्सर तब बेहद भावुक हो जाते हैं जब टीम आईसीसी के किसी बड़े टूर्नामेंट में हार जाती है।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को शूटआउट में हराकर एफआईएच प्रो लीग में पहली जीत दर्ज की



**होबार्ट:** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को यहां विश्व में तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराकर एफआईएच प्रो लीग में लंबे समय से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म कर दिया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं। इस जीत से भारत का प्रो लीग के अगले चरण से पहले मनोबल बढ़ेगा। पहले तीन क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के सामने हर तरह से कड़ी चुनौती पेश की। पहले तीन क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिर में 49वें मिनट में जेरेमी हेवर्ड के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया की यह खुशी हालांकि क्षणिक रही क्योंकि शिलानंद लाकड़ा (51वें मिनट) ने दो मिनट बाद ही एक शानदार मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल करने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहीं और मैच शूटआउट में चला गया, जहां भारत ने जीत दर्ज करके दो अंक हासिल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया को एक अंक मिला। भारत की तरफ से शूटआउट में लाकड़ा, मनिंदर सिंह और विष्णुकांत सिंह ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र गोल हेवर्ड ने किया। भारतीय गोलकीपर मोहित शशिकुमार होन्नेनहल्ली ने ऑस्ट्रेलिया के बाकी खिलाड़ियों के शॉट रोककर जीत में अहम भूमिका निभाई। प्रो लीग का राउरकेला चरण भारत के लिए निर-ाशाजनक रहा था जहां वह अपने सभी चार मैच में हार गया था। इसके बाद होबार्ट चरण में भी भारत ने हार के साथ शुरुआत की। भारत पहले मैच में स्पेन से 0-2 से हार गया था। इसके बाद उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रहे मैच में शूटआउट में 4-5 से हार का सामना करना पड़ा।



## बाजार की निगरानी बढ़ाने में एआई की भूमिका होगी अहमः सेबी चेयरमैन

**नयी दिल्ली:** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी, खासकर कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार निगरानी को मजबूत करने, जोखिम प्रबंधन बेहतर करने और निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। सेबी प्रमुख ने यहां आयोजित 'कोटक इन्वेस्टर कॉन्फ्रेंस' में वैश्विक एवं घरेलू संस्थागत निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ने के साथ वृद्धि का अगला चरण केवल कारोबार की मात्रा और मूल्यांकन से नहीं, बल्कि बाजार की गुणवत्ता, कॉरपोरेट संचालन, पारदर्शिता, तरलता और संस्थागत मजबूती से तय होगा। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी, जिसमें एआई भी शामिल है, निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने, जोखिम प्रबंधन सुधारने और पारदर्शिता बढ़ाने में



बढ़ती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सेबी का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार अच्छे समय में सुचारु रूप से काम करे और अस्थिरता के दौर में भी मजबूत बने रहें। पांडेय ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आपूर्ति शृंखला के पुनर्गठन, भू-राजनीतिक तनाव और तीव्र प्रौद्योगिकी बदलाव जैसे कारकों ने कारोबारी माहौल को जटिल बना दिया है। ऐसे में वृद्धि अब केवल प्रतिफल तक सीमित नहीं है बल्कि विश्वसनीयता, स्थिरता और अनुमान लगा पाने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद



**मुंबई:** अमेरिका में भारतीय सौर उत्पादों पर 126 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की घोषणा से बुधवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार अपनी शुरुआती तेज बढ़त गंवाते हुए मामूली लाभ के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 50 अंक जबकि निफ्टी में 58 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 50.15 अंक यानी 0.06 प्रतिशत बढ़कर 82,276.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 731.99 अंक चढ़कर 82,957.91 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 57.85 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,482.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 228 अंक चढ़कर 25,652.60 अंक पर बंद हुआ था। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा के शेयर चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स और इटर्नल के शेयर गिरावट में रहे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'सकारात्मक वैश्विक संकेतों से बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों ने जोखिम से बचने को तरजीह दी।'

# स्मार्टफोन 30 अरब डॉलर के साथ देश का अग्रणी निर्यात खंड बनाः वैष्णव

**नयी दिल्ली:** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 में देश में बने 30 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन निर्यात किए गए और अब स्मार्टफोन भारत का शीर्ष निर्यात खंड बन चुका है। वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत अब 'दुनिया का स्मार्टफोन विनिर्माण केंद्र' बनता जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-दिसंबर, 2025 के दौरान देश का स्मार्टफोन निर्यात 30 अरब डॉलर रहा। देश में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान करीब 5.5 लाख करोड़ रुपये (करीब 60 अरब डॉलर) के मोबाइल फोन का उत्पादन हुआ, जबकि इस दौरान निर्यात करीब दो लाख करोड़ रुपये (लगभग



22 अरब डॉलर) का रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का कुल निर्यात वर्ष 2025 में चार लाख करोड़ रुपये (करीब 44 अरब डॉलर) के पार पहुंच गया है। इस वर्ष चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों द्वारा उत्पादन शुरू करने के बाद इसमें और वृद्धि होने की उम्मीद है। बाजार शोध संस्था काउंटरपॉइंट रिसर्च के सह-संस्थापक और शोध उपाध्यक्ष नील शाह ने कहा कि एप्पल ने चीन पर अमेरिकी शुल्क लगने के बाद भारत में विनिर्माण बढ़ाकर देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दी है। शाह ने कहा, 'भारत में 2025 में लगभग 30 करोड़ मोबाइल फोन का उत्पादन होने का अनुमान है और हर चार में से एक स्मार्टफोन को निर्यात किया गया।' उच्च औसत विक्रय मूल्य (एएसपी) वाले अमेरिकी बाजार में एप्पल, सैमसंग और मोटोरोला की मजबूत मांग ने निर्यात मूल्य को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचाया।

## निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि 12 तिमाहियों के उच्चस्तर 10.1 प्रतिशत परः आरबीआई



**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि निजी सूचीबद्ध गैर-वित्तीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 10.1 प्रतिशत रही। इससे पहले लगातार 11 तिमाहियों तक इन कंपनियों की राजस्व वृद्धि इकाई अंक में ही बनी हुई थी। आरबीआई के विश्लेषण में शामिल 3,188 कंपनियों के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर, 2025 की तिमाही में इन कंपनियों की राजस्व वृद्धि में तेजी का श्रेय मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन को जाता है। निजी क्षेत्र की 1,794 सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों की बिक्री पिछली तिमाही में सालाना आधार पर 11.4 प्रतिशत बढ़ी, जो इसके पहले की तिमाही में 8.5 प्रतिशत थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से वाहन, बिजली मशीनरी और अलौह धातु उद्योगों में उच्च बिक्री का नतीजा है। सेवा क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों की बिक्री वृद्धि जुलाई-अगस्त तिमाही के 7.8 प्रतिशत से बढ़कर 8.8 प्रतिशत हो गई। वहीं गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री वृद्धि तीसरी तिमाही में 10.8 प्रतिशत पर स्थिर रही। आरबीआई ने कहा कि लाभ कमाने के लिहाज से विनिर्माण कंपनियों का परिचालन लाभ तीसरी तिमाही में 11.8 प्रतिशत बढ़ा, जिसे अन्य परिचालन खर्चों में मध्यम वृद्धि से समर्थन मिला। आलोच्य तिमाही में आईटी कंपनियों के परिचालन लाभ में वृद्धि दर सुधरकर 11.1 प्रतिशत हो गई, जबकि गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए यह घटकर चार प्रतिशत रह गई। समग्र स्तर पर इन कंपनियों का शुद्ध लाभ अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही में 5.2 प्रतिशत बढ़ा, जो जुलाई-सितंबर तिमाही के 1.5 प्रतिशत से अधिक है। लेकिन यह एक साल पहले की समान अवधि में दर्ज 11.8 प्रतिशत वृद्धि से कम है।

## आईटी शेयरों में गिरावट जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया का नतीजा, आईटीसी कर रही एआई का इस्तेमालः पुरी

**मुंबई:** विविध कारोबार वाले समूह आईटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने बुधवार को कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में हुई तेज गिरावट जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया का नतीजा है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी ने हमेशा एक सहायक की भूमिका निभाई है, और कंपनी उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने के लिए एआई का इस्तेमाल करती है। आईटी उद्योग के संगठन नैसकॉम द्वारा आयोजित वार्षिक एनटीएलएफ कार्यक्रम के मौके पर पुरी ने पत्रकारों से कहा, 'बाजार में जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया हुई। फिर इसका असर बढ़ता



गया।' पुरी ने आगे कहा, 'कई अनुप्रयोग हमें कारखाने और आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता एवं उत्पादकता सुधारने में मदद कर रहे हैं। अब हम इन साधनों की मदद से कुछ ऐसे काम भी कर रहे हैं, जिन्हें पुराने माध्यमों से नहीं किया जा सकता था।'

### एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट का पशु विकास दिवस, 1.55 लाख ग्रामीण लाभान्वित

**कोलकाता :** कोलकाता। अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 14 फरवरी 2026 को 'पशु विकास दिवस' का आठवां संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस पहल के माध्यम से 1.55 लाख से अधिक ग्रामीणों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा तथा लगभग 1.4 लाख पशुओं का निःशुल्क उपचार, टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच की गई।कार्यक्रम 16 राज्यों की 510 शाखाओं में संचालित हुआ, जिससे 30 हजार से अधिक परिवार लाभान्वित हुए। पश्चिम बंगाल में 32 स्थानों पर शिविर लगाकर करीब 12 हजार पशुओं की देखभाल की गई। कंपनी के प्रबंध निदेशक रवि नारायणन ने कहा कि यह पहल ग्रामीण आजीविका, पशु स्वास्थ्य और समावेशी विकास को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## न्यूज अपडेट

### वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण चांदी 5,900 रुपये चढ़ी, सोना भी मजबूत

**नयी दिल्ली:** मजबूत वैश्विक रुख और सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की खरीदारी जारी रहने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। चांदी 2.77 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर और सोना 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी मंगलवार के 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 5,900 रुपये या दो प्रतिशत बढ़कर 2,77,900 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई। लगातार पांचवें सत्र में अपनी बढ़त जारी रखते हुए, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 1,64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गया। पिछले सत्र में यह 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### आरबीआई दो मार्च को 25,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड की करेगा अदला-बदली नीलामी

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो मार्च को 25,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की 'अदला-बदली नीलामी' करने की बुधवार को घोषणा की। अदला-बदली नीलामी के तहत सरकार जल्द परिपक्व होने वाले बॉन्ड को लंबी अवधि वाले नए बॉन्ड से बदल देती है। इससे एक ही साल में बड़ी रकम चुकाने का दबाव कम होता है और भुगतान की समय-सीमा आगे खिसक जाती है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि यह नीलामी सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक होगी। नतीजे उसी दिन जारी किए जाएंगे और लेन-देन का निपटान चार मार्च को होगा। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 में 5.47 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड परिपक्व होने वाले हैं। ऐसे में यह कदम उस वर्ष के संभावित भुगतान दबाव को कम करने की दिशा में उठाया गया है।

### असम ने 8वां वेतन आयोग बनाया; सरकारी कर्मचारियों का वेतन बढ़ेगा

**गुवाहाटी:** असम सरकार ने अपने कर्मचारियों के वेतन ढांचे में बड़े बदलाव के लिए 8वां वेतन आयोग, 2026 गठित किया है। एक सरकारी आदेश से यह जानकारी मिली है। वित्त विभग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि 8वें असम वेतन आयोग की अगुवाई पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव सुभाष चंद्र दास करेंगे और इसमें सात और सदस्य होंगे। असम सरकार के कर्मचारियों के लिए पिछला वेतन संशोधन एक अप्रैल, 2016 को लागू हुआ था, जो 7वें असम 'पे एंड प्रोडक्टिविटी' वेतन आयोग की सिफारिश पर आधारित था। 8वां असम वेतन आयोग 18 महीने में अपनी रिपोर्ट देगा। अधिसूचना में कहा गया, ''सरकार वितीय स्थिरता को मजबूत करने, सेवा डिलिवरी के नतीजों में सुधार करने और प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उसका मानना है कि वेतन ढांचे में बदलाव के साथ मानव संसाधन प्रबंधन, प्रौद्योगिकियों को अपनाने, नतीजों पर आधारित प्रशासन और श्रमबल को युक्तिसंगत करने में ढांचागत सुधार होने चाहिए।'

### ईडी ने अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ मामले में 598 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने रियल एस्टेट कंपनी अंसल प्रॉपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एपीआईएल) के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में 598 करोड़ रुपये की जमीन कुर्क की है। यह मामला हरियाणा के गुरुग्राम के सेक्टर 58-63 और 65-67 में भूमि अधिग्रहण और उसके बाद उसे जारी करने में हुई बड़े पैमाने पर अनियमितताओं से संबंधित है। संघीय जांच एजेंसी ने बयान में कहा कि उसने आगरा में 598 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की जमीन कुर्क करने के लिए धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है।


**वर्ष 10, पूर्णांक 3515 अंक 325 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in